www.epaper.azadsipahi.in

29 जनवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 99

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नीतीश कुमार 9वीं बार बिहार के सीएम बने, बोले-जहां थे वहीं आ गये, अब कहीं नहीं जाऊंगा



THE PATHSHALA

The PathShala
JEE MAIN / JEE ADVANCED, OLYMPIAD, NTSE

Bio शाला
For NEET/Medical

Every Child Matters ! The PathShala Cares !!

## Our Star Performers


Deeptendra Banerjee
AIR - 21
ISI Kolkata


Samridhi Sahay
AIR - 1901
JEE Advanced


Aditya Raj
AIR - 1475
JEE Advanced


Dhariya Singh
Qualified RMO
Selected for INMO

## All The Best 👍 For JEE Main Jan 2024

ADMISSION ANNOUNCEMENT

For New Session
2024-2025

Admission Open for
Jee Main, Jee Advanced, NEET
Foundation, Olympiad, NTSE
VIII, IX, X, XI, XII, & XII Pass

To Register For Scholarship
- Scan QR code and Download APP My Scholarship,ThePathShala
- Register at website scholarship.thepathshala.net

## Admission cum Scholarship Test

For Student in Class VII, VIII, IX, X, XI

Conducted on 2nd Sunday and 4th Sunday of each Month

Get Upto 100% Scholarship and Cash Reward Upto ₹ 2 Lakhs

## A team of Ex-Faculties FIITJEE, Ranchi



PDK Sir (Physics) | PSS Sir (Physics) | CAB Sir (Chemistry) | CAM Sir (Chemistry) | MAP Sir (Maths) | MSP Sir (Maths)

EX. HOD, FIIT JEE, Ranchi | EX. Mentor, FIIT JEE, Ranchi | EX. Mentor, FIIT JEE, Ranchi | EX. HOD, FIIT JEE, Ranchi | EX. Mentor, FIIT JEE, Ranchi | EX. HOD, FIIT JEE, Ranchi

Win CASH PRIZES every Week
Via Online(from Home) Quiz- Every Week
( Test Syllabus : Syllabus of your respective class as informed in Whats App group)
1st Prize-Rs 501, 2nd Prize-Rs 251, 3rd Prize-Rs 151
Prize transfer online via Phone Pay/G Pay / UPI

Scan QR Code to attend cash prize quiz... (Will be added to WhatsApp group where Test Link will be sent)

Class-12 | Class-11 | Class-10 | Class-9 | Class-8 | Class-7

5th Floor, Akash Complex, Doranda, 9771655056 | 408, 4th Floor, Hari Om Tower, Lalpur, 9771654536




सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,500 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

# तीन आयाम हैं बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम के

## ■ पहला : अपने करियर का सबसे बड़ा रिस्क लिया है नीतीश कुमार ने

## ■ दूसरा : 2024 से पहले एक तीर से दो शिकार कर लिया है भाजपा ने

## ■ तीसरा : अब केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गया है इंडी अलायंस

**आजाद सिपाही विशेष**

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के उस प्रदेश में, जिसने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया था, जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ या हो रहा है, वह अप्रत्याशित नहीं, तो कम से कम चौंकानेवाला जरूर है। वैसे कहा जाता है कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता और बिहार में कुछ भी बिना किसी कारण के नहीं होता, इसलिए इस बार भी नीतीश कुमार के पाला बदलने और एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने के भी कई कारण बताये जा रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह है कि बिहार के इन राजनीतिक घटनाक्रमों ने देश की सियासत को तीन आयाम दिये हैं, यानी इन घटनाक्रमों के तीन साफ संदेश निकलते हैं। इन तीन संदेशों पर विचार करने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि तमाम राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बौद्ध और महावीर की यह भूमि, चाणक्य और कौटिल्य का प्रयोग स्थल बिहार बड़ी बारीकी से इन घटनाक्रमों पर नजर रख रहा है। यह बिहार ही है, जिसने देश में सबसे पहले सामाजिक न्याय की बुनियाद रखी थी और यही वह बिहार है, जहां की हवाओं में आज भी लोकतंत्र के लिए दिल धड़कता है। राज्य के नये राजनीतिक घटनाक्रमों से जो तीन संदेश निकलते हैं, उनमें पहला तो यह है कि नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक करियर का सबसे बड़ा खतरा उठाया है, जबकि दूसरा संदेश यह है कि भाजपा ने 2024 से पहले बिहार की सत्ता में साझीदारी कर एक तीर से दो शिकार कर लिये हैं। इन घटनाक्रमों का तीसरा संदेश यह है कि भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों का जो गठबंधन बना था, वह अब केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गया है। क्या हैं बिहार के सियासी घटनाक्रमों के आयाम और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाला बिहार इन दिनों लोकतंत्र की विभिन्न कसौटियों पर अग्नि परीक्षा देकर खुद को साबित करने का प्रयास कर रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में जो उथल-पुथल मची है, उसने देश की सियायत में भी हलचल बढ़ा दी है। पिछले करीब तीन दशक से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार ने राजद, कांग्रेस और वामदलों का साथ छोड़ कर एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होकर यह उथल-पुथल मचायी है, तो अब बिहार के इन घटनाक्रमों के विभिन्न आयामों का आकलन भी किया जाना जरूरी है।

### अप्रत्याशित नहीं है बिहार का घटनाक्रम

बिहार का घटनाक्रम नयी बात नहीं है। इस मामले की दोहरी स्क्रिप्ट तो पिछले साल ही लिखी जा चुकी थी। दोहरी का मतलब, एक तरफ नीतीश कुमार के प्रति भाजपा का सॉफ्ट कॉर्नर तो दूसरी ओर नीतीश का विपक्ष के इंडी गठबंधन में अपनी सक्रियता घटा देना। पिछले कुछ माह से इंडी गठबंधन में नीतीश कुमार की सक्रियता कम हो रही थी। गठबंधन के मुख्य एजेंडे और सीट शेयरिंग को लेकर नीतीश चुप ही रहे थे। इसके बाद गठबंधन की वर्चुअल बैठक में एमके स्टालिन ने संयोजक पद के लिए नीतीश कुमार का नाम सुझाया था, लेकिन नीतीश पीछे हट गये। उधर भाजपा भी नीतीश को लेकर संवेदनशील थी। पार्टी ने इसी महीने कहा था कि नीतीश कुमार को एनडीए में लाने के लिए भाजपा कोई भी पहल नहीं कर रही है। भाजपा आगे भी ऐसा प्रयास नहीं करेगी। अगर कोई खुद से और बिना शर्त पार्टी में शामिल होने की इच्छा जाहिर करता है, तो उस पर विचार किया जायेगा। इससे पहले कहा गया था कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। इसके बाद भाजपा की ओर से अंतिम दांव कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर चला गया। इसने बिहार में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच एक बार फिर दीवार खड़ी कर दी।

### क्या हैं बिहार के घटनाक्रम के संदेश

बिहार के ताजा घटनाक्रमों के कई संदेश निकलते हैं। इन संदेशों को क्रमवार समझने से पहले यह जानना जरूरी है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। इतना ही नहीं, यहां की राजनीति का थोड़ा-बहुत असर झारखंड की 14 सीटों पर भी पड़ता है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ मिल कर बिहार की 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि झारखंड में आजसू के साथ मिल कर उसने 14 में से 12 सीटें जीती थी। नीतीश कुमार के एक बार फिर भाजपा के साथ जाने के बाद से 2024 का चुनावी परिदृश्य जरूर बदल गया है।



### नीतीश ने बड़ा खतरा उठाया है

बिहार को लेकर राष्ट्रीय सियासत में ऐसी चर्चा भी है कि अब नीतीश कुमार को पलटी मारने के बदले क्या मिलेगा। भाजपा में उनके लिए प्रधानमंत्री का पद नामुमकिन है। मौजूदा समय में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का कार्यकाल खत्म हो रहा है, ऐसा भी कुछ नहीं है। यह बात भी कही जा रही है कि राजद के साथ गठबंधन में अगर नीतीश कुमार चुनाव लड़ते हैं, तो वह उनके लिए नुकसानदायक होगा। कुल मिला कर नीतीश कुमार ने इस बार अपने राजनीतिक करियर का सबसे बड़ा खतरा उठाया है। अटल बिहारी वाजपेयी के बाद नीतीश ही हैं, जिन्हें सियासत का गंभीर खिलाड़ी माना जाता था, लेकिन बार-बार पाला बदल कर उन्होंने अपनी पूरी विश्वसनीयता को दांव पर लगा दिया है। महज कुर्सी के लिए इतनी बार पाला बदलनेवाले नेता के रूप में उनका नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में तो नहीं ही लिखा जायेगा। यह बात नीतीश भी जानते हैं। इसके बावजूद उन्होंने यह कदम उठाया, तो इसे साहसिक तो कहा ही जा सकता है। वास्तव में महागठबंधन से अलग होकर नीतीश कुमार इस बात का संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि वह अपने किस्म की राजनीति करते हैं। नैतिकता से वह कोई समझौता नहीं करते। लेकिन यहां समझने वाली बात यह भी है कि सिर्फ नैतिकता के आधार पर राजनीति का पहिया आगे नहीं बढ़ता है, लिहाजा नीतीश के इस फैसले की असल वजह कुछ और है।

### पूरी तरह बिखर गया विपक्षी गठबंधन

बिहार के घटनाक्रम से एक और बात साफ हो गयी कि अब विपक्ष का गठबंधन केवल कागजों पर ही रह गया है। वैसे भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें, तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। नीतीश कुमार के एनडीए में शामिल होने के बाद यही बात कही जा रही है कि वास्तव में इंडी गठबंधन तो बिखरने के लिए ही बना था। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वह शब्दशः सच होता दिख रहा है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं, किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा किये जाने के बाद अब नीतीश कुमार भी अलग हो गये हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि इंडी अलायंस का अस्तित्व और असर कितना बचा हुआ है।

### भाजपा ने साध लिये कई समीकरण

बिहार की सत्ता में साझीदार बन कर भाजपा ने वैसे तो बहुत सकारात्मक कदम नहीं बढ़ाया है, लेकिन इतना जरूर है कि उसने 2024 के चुनाव के कई समीकरण साध लिये हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ मिल कर बिहार की 40 में से 39 सीटें जीत ली थीं। इतना ही नहीं, उसने राजद को शून्य पर रोक दिया था। अब 2024 से पहले जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, मुकेश सहनी और नीतीश कुमार के सहारे वह राज्य की पिछड़ी-अति पिछड़ी आबादी में अपना आधार बढ़ायेगी। भाजपा का अपना ठोस वोट तो उसके साथ है ही। इस समीकरण की बदौलत वह राज्य में 2019 का प्रदर्शन दोहरा ले, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जेडीयू और लोकजनशक्ति पार्टी के साथ गठबंधन करके 54.40 प्रतिशत वोट हासिल कर बिहार की 39 लोकसभा सीट जीती थीं। इस दौरान एनडीए को मिले 54.40 प्रतिशत मत में 22.3 फीसदी वोट नीतीश की पार्टी जेडीयू का था, जबकि महागठबंधन का वोट शेयर 31.40 प्रतिशत था। जेडीयू को 2019 लोकसभा चुनाव में 17 में से 16 सीटों पर जीत मिली थी। अब बिहार में जेडीयू के साथ आते ही भाजपा के लिए पूरा खेल बदल गया है। जेडीयू के साथ आने से भाजपा को 2024 लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटें हासिल करने का मौका मिलेगा। इसलिए नीतीश का साथ आना भाजपा के लिए इसलिए भी फायदेमंद है, क्योंकि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अब एक और राज्य में सरकार में होगी।













































www.epaper.azadsipahi.in

29 जनवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 99

हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी आम आदमी पार्टी



झारखंड राज्य खाद्य आयोग

जन वितरण प्रणाली (पी.डी.एस), पी.एम. पोषण (मध्याह्न भोजन), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पी.एम.एम.वी.वाई.), आंगनबाड़ी केंद्र (आई.सी.डी.एस.) और कुपोषण उपचार केंद्र (एम.टी.सी.), से संबंधित शिकायत

वॉट्सऐप नंबर : 9142622194 पर भेजें





# नीतीश 9वीं बार बिहार के सीएम बने

## बिहार में फिर एनडीए सरकार : विजय सिन्हा-सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री सहित आठ मंत्रियों ने शपथ ली

● बोले-जहां थे, वहीं आ गये हैं, अब कहीं नहीं जाऊंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** नीतीश कुमार ने रविवार शाम 5 बजे 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष रहे विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के बाद सीएम ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। साथ ही कहा कि अब कहीं जाने का कोई सवाल नहीं है। राजद नेता तेजस्वी



यादव के जेडीयू 2024 में खत्म हो जायेगा वाले बयान पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। हम बिहार के विकास और प्रगति के लिए काम करते हैं। हम यही करते रहेंगे और कुछ नहीं। तेजस्वी कुछ नहीं कर



रहे थे। अब मैं वहीं वापस आ गया हूं, जहां पहले था (एनडीए में) और अब कहीं जाने का सवाल ही नहीं उठता।

नीतीश ने रविवार को सुबह 11 बजे ही इस्तीफा दिया था। इस्तीफे के साथ नयी सरकार बनाने का



दावा पेश किया था। इसके बाद दोपहर में भाजपा ने नयी सरकार को समर्थन का औपचारिक एलान किया था। शाम पांच बजे हुए समारोह में नीतीश के साथ 8 मंत्रियों ने भी शपथ ली। मंत्रियों में मुख्यमंत्री समेत 2 कुर्मी, 2 भूमिहार, 1-1 राजपूत, दलित, कहार, कोइरी और यादव हैं। नीतीश कुमार की नयी कैबिनेट की बैठक सोमवार को दिन के साढ़े 11 बजे होगी। इसमें मंत्रियों को विभाग बांटे जा सकते हैं।

### इन्होंने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

1. सम्राट चौधरी (भाजपा)
2. विजय सिन्हा (भाजपा)

### इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा)
4, विजेंद्र प्रसाद (जदयू)
5. श्रवण कुमार (जदयू)
6. विजय कुमार चौधरी (जदयू)
7. संतोष कुमार सुमन (हम)
8. सुमित सिंह (निर्दलीय)

### पीएम मोदी ने दी नीतीश को बधाई

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी।

### खेला तो अब होगा: तेजस्वी यादव

बदले राजनीतिक घटनाक्रम पर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अभी तो खेल शुरू हुआ है। मैं जो कहता हूं वो करता हूं। मैंने राजधर्म का पालन किया है। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार पहले भी आदरणीय थे और आगे भी रहेंगे। सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट लेने की बात नीतीश कुमार ने कही है। हमारे 79 विधायक हैं और उनके 45 विधायक हैं। मंत्री हमारा, विभाग हमारा तो हम क्रेडिट क्यों नहीं लें। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार सोच रहे थे कि यह नौजवान लड़का है और हम भाजपा के साथ रहकर इतने वर्षों में कुछ काम नहीं कर पाये। डबल इंजन में भी 17 साल में काम नहीं कर पाये और तेजस्वी डिप्टी सीएम होकर राजद के मंत्रियों से इतना काम करवा लिया। यह सब काम आज उन्हें पच नहीं रहा था।

## न्यूज रील्स

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने करोड़ों को एक सूत्र में बांधा : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 109वां एपिसोड पर देश को संबोधित कर रहे हैं। ये साल 2024 का पहला मन की बात कार्यक्रम है। पीएम ने 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर भी बात की। पीएम ने कहा कि दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया है। इस साल हमारे संविधान के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व, लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। राममला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीएम ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम हैं।

### बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी

नयी दिल्ली। एलन मस्क अब दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी नहीं हैं। फ्रांसीसी अरबपति और लुई वितॉ मोएट हेनेसी के सीइओ बर्नार्ड अरनॉल्ट उन्हें पीछे छोड़कर पहले नंबर पर पहुंच गये हैं। टेस्ला के शेयरों में गिरावट के कारण मस्क की नेटवर्थ में कमी आयी है। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के अनुसार अरनॉल्ट की नेटवर्थ अब 207 बिलियन डॉलर (करीब 17.20 लाख करोड़ रुपये) है, जबकि एलन मस्क की नेटवर्थ 204 बिलियन डॉलर (करीब 16.96 लाख करोड़ रुपए) है। वहीं जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर है।

### राहुल की न्याय यात्रा जलपाईगुड़ी से शुरू

कोलकाता। दो दिन के ब्रेक के बाद कांग्रेस की न्याय यात्रा रविवार को फिर जलपाईगुड़ी से दोपहर 2.30 बजे से शुरू हो गयी। यात्रा ने 25 जनवरी को असम से पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में प्रवेश किया था। यहां रोड शो करने के बाद राहुल नयी दिल्ली रवाना हो गये थे। सुबह 11.30 बजे वे बागडोगरा एयरपोर्ट पहुंचे।

# 3 को पीएम मोदी रांची आयेंगे

## 4 को धनबाद में हर्ल प्लांट का करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 फरवरी को धनबाद दौरे पर आयेंगे। मिली जानकारी के अनुसार पीएम मोदी धनबाद में दो कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री 3 फरवरी को ही झारखंड पहुंच जायेंगे। रात्रि में राजभवन में विश्राम कर 4 फरवरी की सुबह नौ बजे हेलीकॉप्टर से हर्ल प्लांट सिंदरी के अस्थायी हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां प्लांट का उद्घाटन करने के बाद कर्मियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद पीएम बरवाअड्डा में भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।



पीएम के आगमन को देखते हुए भाजपा के धनबाद जिला कार्यालय में महानगर तथा जिला ग्रामीण की संयुक्त बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा न सिर्फ संख्या के दृष्टि से ऐतिहासिक होगी, बल्कि हर्ष और उल्लास के साथ एक नये स्वर्णिम पृष्ठ की रचना करेगी। जनसभा में भाग लेने के लिए बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग है। इसलिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आप सभी कार्यों में लग जायें।

पीएम नरेंद्र मोदी के धनबाद दौरे को देखते हुए भाजपा ने प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा और धनबाद विधायक राज सिन्हा को प्रभारी बनाया है। दोनों नेताओं ने शनिवार को हर्ल प्लांट सिंदरी तथा बरवाअड्डा एयरपोर्ट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

## अब जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था


# नगरपालिका चुनाव में अब रोटेशन के आधार पर आरक्षण की परिपाटी खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका संशोधन नियमावली 2024 लागू हो गयी है। कैबिनेट के निर्णय के बाद नगर विकास विभाग ने इससे संबंधित संकल्प जारी कर दिया है। इसके तहत नगर निकायों में मेयर या अध्यक्ष के पद पर एसटी, एससी, पिछड़ा वर्ग और अन्य के लिए चक्रानुक्रम रोटेशन में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने के प्रावधान को विलोपित कर दिया गया है। अब कोटिवार जनसंख्या के आधार पर 49 निकायों में चुनाव होंगे।

बताते चलें कि 2023 में लागू निकायों में चक्रानुक्रम में आरक्षण की व्यवस्था की वजह से रांची समेत कई नगर निकायों में मेयर और अध्यक्ष का पद पूर्व से आरक्षित एसटी, एससी और पिछड़ा वर्ग में बदलाव हो गया था, जिसके बाद हुए विरोध की वजह से राज्य सरकार को चुनाव स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा था।

नगर विकास विभाग ने निर्वाचन क्षेत्रों में नगरपालिका में महापौर, अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण और आवंटन की प्रक्रिया की अवधारणा की प्रक्रिया निर्धारित की है। नियम तय किये और इसके उदाहरण भी बताये हैं। राज्य में तीन प्रकार की नगरपालिकाएं हैं, जिसमें नगर निगम, नगर परिषद वर्ग क और ख, नगर पंचायत नियमावली के नियम क के प्रावधानुसार राज्य के निर्वाचन क्षेत्रों नगरपालिका और रांची नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत को तीन अलग-अलग श्रेणी में माना जायेगा। उदाहरणस्वरूप यह मान लिया जायेगा कि राज्य में नगर परिषद वर्ग क एवं ख की संख्या 19 है। इसके आलोक में राज्य की जनसंख्या के अनुपात यथा प्रतिशत के आधार पर नगर परिषदों में, अध्यक्ष के पद का आरक्षण करने के उद्देश्य से प्रत्येक कोटि के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या निर्धारित की गयी। विभाग का कहना है कि चूंकि धारा 27 के प्रावधानुसार पदों के आरक्षण की अधीसीमा 50 प्रतिशत के यथा निकटतम किंतु इससे अधिक है और एसटी, एससी की जनसंख्या के अनुपात में पदों के आरक्षण के बाद 50 प्रतिशत अधीसीमा का शेष पद पिछड़ा वर्ग को देय है और नियम सात के अधीन आरक्षण के लिए पदों के आरक्षण के लिए पदों की संख्या निर्धारित करने के लिए गणना के निमित्त आधे से अधिक भाग को एक माना जायेगा।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## जेएमएम का आक्रोश मार्च: मोरहाबादी मैदान से राजभवन पहुंचे

# झारखंडी न तो कभी झुका है न कभी झुकेगा : झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार और भाजपा पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने के विरोध में झामुमो ने आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में निकला। यह पैदल मार्च रांची के मोरहाबादी मैदान से चलकर राजभवन पहुंचा। हालांकि जेएमएम कार्यकर्ताओं और नेताओं को राजभवन से पहले ही बैरेकेड लगा कर रोक दिया गया। कार्यकर्ता वहीं सड़क पर सभा करने लगे। साथ ही केंद्र सरकार और इडी के खिलाफ हमला बोला। राजभवन के बाहर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। बता दें कि इस मार्च में रांची, लोहरदगा, गुमला सहित अन्य जिलों के जेएमएम कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में गुमला के विधायक भूषण तिर्की भी शामिल थे।



**केंद्र सरकार के खिलाफ उगली आग, नेता और कार्यकर्ता को पुलिस ने रोका**

### केंद्र सरकार के इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे

विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार साजिश के तहत हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार विकास का काम कर रही है, लेकिन भाजपा को यह हजम नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा रही है। लेकिन पार्टी के नेता और कार्यकर्ता केंद्र के इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्र और भाजपा अगर सीएम को परेशान करना बंद नहीं करते हैं, तो आने वाले चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। नेता-कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी के नेता कार्यकर्ता हर दिन धरना प्रदर्शन करेंगे।

### इडी परेशान कर रही सीएम को: मुश्ताक

जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि इडी ने बार-बार समन भेज कर मुख्यमंत्री को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। विकास में बाधा उत्पन्न कर रही है। यदि कोई बात थी किसी तरह का प्रश्न था, तो 20 जनवरी को क्यों नही पूछे। इससे साफ जाहिर होता है कि इनकी मंशा साफ नहीं है। कहीं न कहीं केंद्र सरकार के इशारे पर बेवजह परेशान करने, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने की साजिश है। झारखंडी न तो कभी झुका है न कभी झुकेगा।

### इनकी रही मौजूदगी

जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, वीरेंद्र पांडेय, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, मोजम्मिल अहमद, मोतीलाल शाहदेव, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, समनुर मंसुरी, अफरोज अंसारी, जनक नायक, अश्विनी शर्मा, बीरु साहू, कलाम आजाद, आदिल इमाम, सुजीत उपाध्याय, सुकुआ महतो, अरविंद सिंह देवल, डॉ तालकेश्वर महतो, आफताब आलम, अरुण वर्मा, मंटू लाला, अफरोज आलम, संजय राय, कैथरीना तिर्की, विश्वजीत भट्टाचार्य, नयनतारा उरांव, राखी देवी, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, संध्या देवी, सोनू मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

## झामुमो के आक्रोश मार्च पर भाजपा का हमला

# प्रदर्शन गैरकानूनी, कड़ी कार्रवाई हो: प्रतुल शाहदेव

**कहा- अब सरकार के इशारे पर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता जांच में अवरोध पैदा कर रहे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ झामुमो के आक्रोश प्रदर्शन पर कहा कि हाल के दिनों में झामुमो के कार्यकर्ता इडी के द्वारा मुख्यमंत्री को समन दिये जाने के खिलाफ हरवे, हथियार के साथ आक्रोश प्रदर्शन कर रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि एक तो गलती करना, ऊपर से रौब झाड़ना। ऐसे भी केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन पूरे तरीके से गैरकानूनी है और पुलिस को अविलंब कड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करना चाहिए।



प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य की संवैधानिक मशीनरी ध्वस्त हो गयी है। अब सरकार के इशारे पर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता जांच में अवरोध पैदा कर रहे हैं। कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में 70 हजार करोड़ का घपला-घोटाला हुआ है।

### स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट, सीआरपीएफ को देख आक्रोशित हो गये थे सीएम आवास के बाहर जुटे कार्यकर्ता

**रांची।** इडी की सीएम हेमंत सोरेन से आवास में पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी मामले में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आठ वाहनों से सीआरपीएफ के जवान सीएम आवास के पूर्वी गेट के पास पहुंचे थे। वापस जाने के दौरान कांके रोड स्थित हॉट लिप्स चौक के पास एकत्रित जेएमएम कार्यकर्ता करीब 500 सीआरपीएफ जवानों की बस को देखते ही आक्रोशित हो गये थे। साथ ही यह भी सूचना थी कि 20 से 30 की संख्या में कार्यकर्ता द्वारा वाहन रोकने का भी प्रयास किया गया था। 20 जनवरी को इडी की सीएम हेमंत सोरेन से आवास में पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी मामले में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। सदर सीओ मुंशी राम की शिकायत पर यह प्राथमिकी गोंदा थाना दर्ज की गयी थी।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र देव
निदेशक सह प्राचार्य
एसजीएन आधुनिक किंडर गार्टन-मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ वीरेंद्र कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मेराल (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ लाल बहादुर साह
प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी
डायरेक्टर - अजंता हॉस्पिटल
संगबरिया, मेराल (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जागो महतो
बीडीओ - मेराल
( गढ़वा )

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ राकेश रंजन गुप्ता
आयुष चिकित्सक
सीएचसी, मेराल
(चिरौंजिया - गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार भुईया
पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष, कंचनपुर
रंका - गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर
अजय प्रसाद गुप्ता
समाजसेवी सह जिला उपाध्यक्ष - झामुमो व्यवसायी प्रकोष्ठ, मेराल (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यशवंत नायक
अंचलाधिकारी मेराल
( गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एम जी कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा. लिमिटेड
खजुरी से विंढमगंज फोरलेन निर्माण, कैंप - मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
करीब अंसारी
जिला परिषद प्रतिनिधि, मेराल - दक्षिणी सह जिला संगठन सचिव - झामुमो
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू प्रसाद
20सूत्री अध्यक्ष
प्रखंड मेराल
(गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोरखनाथ साव
प्रदेश अध्यक्ष
मानवाधिकार संगठन
झारखंड प्रदेश निवासी
संगबरिया, मेराल-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अनिल साह
सुप्रसिद्ध चिकित्सक
संगबरिया, मेराल
(गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गंगेश पाण्डे
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी, मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान रंजन मिश्रा
युवा अध्यक्ष
झामुमो प्रखंड मेराल
(गढ़वा )

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश रंजन
मनरेगा जेई
बरडीहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार सिंह
मनरेगा बीपीओ
बरडीहा- गढ़वा
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामप्रवेश गुप्ता
विधायक प्रतिनिधि
धुरकी-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार रवि
थाना प्रभारी
धुरकी-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू प्रसाद गुप्ता
मुखिया
गनियारी कला
धुरकी-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र पासवान
शिक्षक
बरडीहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर सिंह
ग्राम रोजगार सेवक
(बरडीहा)
बरडीहा-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
रामआशीष यादव
श्रम नियोजन एवम खाद आपूर्ती विभाग भारत सरकार सलाकार उटारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रत्नेश कुमार
चिकित्सा पदाधिकारी
धुरकी-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जुल्फिकार अंसारी
अंचलाधिकारी
धुरकी - गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लालन बैठा
पंचायत सचिव
बरडीहा- गढ़वा

# डॉ लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया की कार्यशाला में डॉक्टरों को ट्रेनिंग दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** होटल चाणक्या बीएनआर में डॉ लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया के संयुक्त सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें डॉ लाल हॉस्पिटल की कंसल्टेंट डॉ श्वेता लाल और डॉ शब्दिका लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। डॉ श्वेता लाल ने बताया कि इसका उद्देश्य एसयूआइ/ल्यूकोरिया/वेजाइनल प्रोलैप्स जैसी समस्याओं में लेजर की संभावना के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बिना किसी सर्जरी, भर्ती या खून की कमी के इन समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए यह एक बड़ी मदद होगी। इस कार्यशाला में शिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें शहर के लगभग 100 चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित सभी चिकित्सकों को एक दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गयी। इस मौके पर रांची के डॉ लाल हॉस्पिटल में 20 मरीजों का मुफ्त लेजर ट्रीटमेंट किया गया, जिसका सीधा लाइव प्रसारण बीएनआर चाणक्या में किया जा रहा था और वहां उपस्थित चिकित्सकों ने इस अत्याधुनिक इलाज की विधि को जाना। इस कार्यशाला में शहर के प्रतिष्ठित डॉ नरेंद्र मल्होत्रा ??और डॉ पंखिला मित्तल ने व्याख्यान दिया। डॉ शोभा चक्रवर्ती, डॉ उषा रानी, ??डॉ उषा नाथ, डॉ सुषमा प्रिया, डॉ पीबी सहाय, डॉ रीता लाल, डॉ गीता सिन्हा मानकी, डॉ शशि बाला, डॉ अर्चना, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ माया वर्मा और डॉ सुमन सिन्हा आदि जैसी प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया। डॉ लाल हॉस्पिटल की कंसल्टेंट डॉ. श्वेता लाल ने बताया कि लेजर ट्रीटमेंट की यह सुविधा अब डॉ लाल्स हॉस्पिटल, कडरू रांची में उपलब्ध है।

**Babu Dinesh Singh University**
Garhwa-822114, Jharkhand
(Established Under Government of Jhakhand Act-06,2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956 Member of AIU, Delhi
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust®)

*REQUIREMENTS*


BDSU Invites Applications from accomplished academic Professional for the post of Director, Principal, Professor, Associate Professor, Asst. Professor, Sr. Lecturer & Lecturer in the following Faculties

FACULTIES OF ENGINEERING, FACULTIES OF MANAGEMENT & IT

MBA, BBA, MCA, BCA, B.TECH. DIPLOMA, ITI


Interested Candidates may send their resume & attested education qualifications at
bdsugarhwa@gmail.com
On or before 15th Feb. 2024

Eligible candidates will be called for personal Interview through call after scrutinizing their eligibility. Salary will be paid as per University/AICTE/UGC norms
Eligibility : As Per UGC/ AICTE Norms
registrar.bdsu@gmail.com
Registrar




























# खेल-कूद से मीडियाकर्मी और उत्कृष्ट होंगे: स्पीकर

**टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, विधानसभा अध्यक्ष ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन**

**पहले दिन के मैच में कांची ने सकरी को तथा मयूराक्षी ने खरकई को किया पराजित**

रांची (आजाद सिपाही)। मीडिया में काम करनेवाले लोगों के लिए रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह क्रिकेट टूनामेंट बहुत लाभप्रद होगा। यह कहना है झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो का। वह रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ग्राउंड में टाटा स्टील मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। 10 फरवरी तक चलनेवाले इस टूर्नामेंट में कुल 20 मैच खेले जाने हैं। रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन बिरसा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के स्टेडियम में उद्घाटन मैच में टीम कांची ने टीम सकरी को हरा कर अपने विजय अभियान का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो ने किया। इस मौके पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, पत्रकार विनय कुमार, कुमार कौशलेंद्र और आनंद मोहन ने शॉल, बुके और पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर स्पीकर ने पत्रकार खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि रांची प्रेस क्लब के द्वारा किया जा रहा यह आयोजन बेहद उत्साहवर्धक है, साथ ही अनोखा भी है। निस्संदेह यह आयोजन पत्रकारों की सेहत और उनके उत्साह को बरकरार रखेगा। स्पीकर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक इस बार टाटा स्टील है और सह प्रयोजक अडानी प्राइवेट लिमिटेड, एनटीपीसी और जेके क्रिकेट एकेडमी है। उद्घाटन समारोह में अडानी ग्रुप के कारपोरेट अफेयर्स हेड संजीव शेखर, टाटा स्टील के अमित कुमार गुप्ता और



एनटीपीसी माइनिंग के अधिकारी अमित कुमार बेहरा के अलावा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति आरएस दुबे और प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय मिश्र मौजूद थे। टूर्नामेंट का पहला उद्घाटन मैच कांची और सकरी के बीच खेला गया। सकरी टीम ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। कांची ने 16 ओवर में 114 रनों का लक्ष्य सकरी के समक्ष रखा। कांची के बनाये स्कोर के जवाब में सकरी टीम सभी विकेट खोकर 14.2 ओवरों में 107 रन ही बना पायी। उद्घाटन मैच बेहद रोमांचक रहा और कांची ने सकरी को पराजित कर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच फिरोज जिलानी को घोषित किया गया, जिन्होंने तैंतालीस रन देकर हैट्रिक के साथ पांच विकेट भी झटके। टूर्नामेंट के दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम खरकई ने मयूराक्षी के खिलाफ 16 ओवर में 120 रन बनाये। इसके जवाब में टीम मयूराक्षी ने मात्र दो विकेट खोकर 123 रन बना कर टीम खरकई पर जीत हासिल कर ली। मयूराक्षी के अमित सिंह ने 22 गेंदों पर नाबाद 50 रन बना कर मैन आफ द मैच का खिताब जीत लिया।

## फणीश्वर नाथ रेणु सेवा संघ ने गणतंत्र दिवस सौहार्द्रपूर्वक मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फणीश्वर नाथ रेणु सेवा संघ के धुर्वा सेक्टर 3 स्थित ऑफिस में गणतंत्र दिवस सौहार्द्र पूर्वक मनाया गया। झंडोत्तोलन समाज के वरिष्ठ संरक्षक पीसी मंडल ने किया। इस अवसर पर सचिव जेके मंडल, समेत अन्य गणमान्य विनय कृष्ण, विजय प्रसाद, एसएन मंडल, विनोद समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत नयी कमिटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से नारायण मंडल को अध्यक्ष, विजय प्रसाद को सचिव, जयप्रकाश को कोषाध्यक्ष, राजेश को मिडिया प्रभारी, विनय कृष्ण देव को संगठन प्रभारी बनाया गया।

## रांची मंडल में गणतंत्र दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद मंडल रेल प्रबंधक ने परेड का निरीक्षण किया और कहा कि आज के ही दिन 1950 में हमारा अपना संविधान लागू हुआ। अतः हम सभी 26 जनवरी को राष्ट्रीय उत्सव की तरह बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। एक बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र के नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि अपने संविधान की मर्यादा का पालन करें। देश की प्रगति में हमेशा योगदान करते रहें। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन के द्वारा वर्ष 2023 के दौरान रांची रेल मंडल की उपलब्धियों से अवगत कराया।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. इरसाद आलम
प्रधानाध्यापक
नव प्राथमिक विद्यालय
गिंजिनिया टोला बुल्का
प्रखंड रमना, जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहदेव चौधरी
प्रभारी मुखिया
हरादाग कला प्रखंड
रमना-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाब चन्द्र साह
समाज सेवी चुन्दी
प्रखंड रमना, जिला
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात कुमार
निर्देशक
संस्कृति द गुरुकुल पब्लिक स्कूल
रमना
सह सांसद प्रतिनिधि
रमना-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिवाकर सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
कोरगा
प्रखंड रमना-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनी देवी
मुखिया
बहियार कला, प्रखंड रमना
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
करुणा सोनी
प्रखंड प्रमुख
रमना, जिला
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुलारी देवी
मुखिया
सदर पंचायत रमना
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रूपनारायण यादव
विधायक प्रतिनिधि सह
समाज सेवी रमना
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार
प्रखंड विकास
पदाधिकारी रमना
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खदीजा बीबी
उप प्रखंड प्रमुख
रमना, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
नव प्राथमिक विद्यालय
गड़वा टोला बुल्का, प्रखंड
रमना जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंसूर अंसारी
प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष
सह कांग्रेस प्रखंड
अध्यक्ष रमना
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार पांडेय
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उच्च विद्यालय
भागोडीह, प्रखंड रमना
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्ण कुमार कुशवाहा
थाना प्रभारी रमना
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वासुदेव राय
अंचला अधिकारी
रमना, जिला
गढ़वा

समस्त बेड़ो व लापुंग प्रखंड वासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अनुज कुमार गुप्ता
पत्रकार
बेड़ो, लापुंग

समस्त बेड़ो प्रखंड वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप राज
प्राचार्य
सेंट जगत ज्ञान एम.एम.
पब्लिक स्कूल

समस्त बेड़ो प्रखंड वासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रियंका राज
मैनेजिंग डायरेक्टर
आदर्श विद्या मंदिर, मुरतो, बेड़ो।

गणतंत्र दिवस की बालूमाथ वासियों को बधाई
रंजीत जयसवाल
समाजसेवी- सह भाजपा
जिला कार्यसमिति
प्रखंड बालूमाथ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुडलक फ्यूल सेंटर नयाटांड प्रो. मिथलेश नायक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंडल अध्यक्ष
भाजपा ठाकुर गांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता मेहता
मुखिया बड़ासी पंचायत
प्रखंड सदर हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश महतो
भारतीय जनता पार्टी
किसान मोर्चा जिला
प्रभारी, धनबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
श्री शेख
तौहीद (डबलू)
नेता, असंगठित
मजदूर संघ -
खरखरी
कोलियारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
समाजसेवी सह पूर्व
जिला अध्यक्ष
केसरवानी वैश्य
सभा रांची

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शशि भूषण सिंह
अंचल अधिकारी
सदर हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वकील बाउरी
जिला उपाध्यक्ष सह निरसा
विधानसभा प्रभारी कांग्रेस
कमिटी धनबाद

# भारतीय स्टेट बैंक में गणतंत्र दिवस मना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मना। इस अवसर पर रांची अंचल के उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। श्री मित्तल ने बताया कि भारत का संविधान विश्व के किसी भी संप्रभु देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है। हम सभी अपने देश के संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों के साथ-साथ नीति निदेशक सिद्धांतों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इससे देश का समाज का और संगठन विकास होगा। इस अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।


**रांची की खबरें पेज 8 और 10 पर भी**


## विकास पब्लिक स्कूल में बैंड की धुन पर झंडे को दी गयी सलामी



रांची (आजाद सिपाही)। विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय निदेशक संजय कुमार, प्रधानाचार्या रेखा देवी, सचिव विकास गौरव ने झंडा फहराया। चारों हाउस तिलक, टैगोर, गांधी, आजाद ने बैंड की धुन पर झंडे को सलामी दी। संजय पाठक ने विद्यार्थियों को देश की 75वें गणतंत्रता दिवस की बधाइयां दी। कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित लघु नाटक का मंचन किया। अबू रेहान एंड ग्रुप के द्वारा पिरामिड, श्रेया एंड ग्रुप के द्वारा देश की बेटी पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा नवम वर्ग का छात्र परवीन भगत, आयुष यादव के द्वारा गणतंत्रता दिवस पर भाषण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशु तिवारी, निशा ठाकुर, विश्वजीत, शकुंतला सिंह, नेहा, दीप्ती, अभिजीत कुमार, अविनाश कुमार सिंह, बबिता देवी, नमिता पॉल, वंदना, पम्मी आदर्श, संजोय पाठक, निशा ठाकुर, रेशमा बेगम, सुप्रिया का योगदान सराहनीय रहा।

# केनरा बैंक अंचल कार्यालय में गणतंत्र दिवस उल्लास से मना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय में 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। उप महाप्रबंधक वाइडी शर्मा ने ध्वजारोहण किया। कहा कि देश को आजादी मिलने के पश्चात बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में भारत के संविधान का निर्माण हुआ। संविधान सभा द्वारा इस संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया। 26 जनवरी 1950 को यह संविधान पूरे देश में एक लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू हुआ। कार्यक्रम में मंडल प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह, शिव शंकर, आशीष कुमार मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

## बीओआइ चर्च रोड शाखा में महाप्रबंधक मनोज कुमार ने झंडा फहराया



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत गणराज्य के 75वें गणतंत्र दिवस पर बैंक ऑफ इंडिया की चर्च रोड शाखा में राष्ट्रीय बैंकिंग समूह के महाप्रबंधक मनोज कुमार के द्वारा झंडारोहण किया गया। महाप्रबंधक ने उपहारस्वरूप कुछ चुनिंदा ग्राहकों को स्टैंड अप इंडिया, पीएमइजीपी और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किये। स्वर्ण ऋण व्यवसाय के अधिकतम प्रचार-प्रसार के लिए महाप्रबंधक द्वारा चर्च रोड शाखा के एटीएम पर स्वर्ण ऋण द्वार का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक अनिल जाधव, गोपाला कृष्णा, संजीव कुमार सिंह, अनुज अग्रवाल, अजीत पोद्दार, सुनीत कुमार, रवि नंदन ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।






## सीएमपीडीआइ में मना गणतंत्र दिवस




रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में 7.5 लाख मीटर ड्रिलिंग के मुकाबले दिसंबर 2024 तक 5.57 लाख मीटर ड्रिलिंग की गयी है, जिसमें से 2.48 लाख मीटर विभागीय संसाधन के जरिये हुई है। साथ ही 190 लाइन किलोमीटर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे के विभागीय लक्ष्य के मुकाबले दिसंबर 2023 तक 60.45 लाइन किलोमीटर सिस्मिक सर्वे किया जा चुका है। 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय झंडा फहराने के पश्चात उक्त बातें सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहीं। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/इएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्ष रूपाली गुप्ता, किरण झा, जेसीसी सदस्य एवं श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में लहराया तिरंगा



रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिलाल नाथ दास ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। परिचय का कार्य विद्यालय प्राचार्य श्री ललन कुमार ने कराया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा अनेक शारीरिक प्रदर्शन, देशभक्ति गीत और रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बहनों द्वारा नृत्य-गीत, अंग्रेजी, हिंदी भाषण आदि प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने काफी सराहा। विद्यालय के उच्चतर माध्यमिक खंड के प्रभारी राकेश कुमार पांडेय, ब्रज किशोर जयसवाल, अखिलेश्वर नाथ मिश्र, डॉ धनेश्वर महतो, डॉ उमाशंकर शर्मा, महावीर सिंह, डॉ नागेंद्र श्रीवास्तव, सत्यनारायण पांडेय, विजय केसरी, अजय बैठा, नर्मदेश्वर मिश्र, विनोद कुमार सिंह अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

## संतोष कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग में ध्वजारोण



रांची (आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग, स्नेहुकूल पब्लिक हाइस्कूल और संतोष नर्सरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 75वें गणतंत्र दिवस का अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण हुआ। निदेशक डॉ रश्मि ने झंडा फहराया। कहा कि गणतंत्र के अमृत काल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया और देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मौके पर सेवानिवृत कर्नल विद्या भूषण प्रसाद, प्राचार्य डॉ शुभ्रा ठाकुर, कुमार विशाल, मेरी चंद्रा, रूथ कुमकल आदि उपस्थित थे।

## बाल विकास सदन में पासवा अध्यक्ष ने झंडा फहराया



रांची (आजाद सिपाही)। बाल विकास सदन स्कूल कुम्हार टोली डोरंडा में मुख्य अतिथि पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन किया। कहा कि बच्चे भारत के भविष्य हैं। हमारी उम्मीद हैं। हमारे देश के भाग्य विधाता भी हैं। पुष्पों की पंखुड़ियों की तरह इन्हें सुस्सजित और परवरिश करने की जरूरत है। जिस तरह से चिलचिलाती ठंड में भी आप अपने बच्चे को गणतंत्र दिवस पर सुंदर कपड़े और तैयार करके राष्ट्रीय पर्व पर स्कूल लेकर आये हैं, काफी सराहनीय और प्रशंसनीय है। इस मौके पर विधालय के प्राचार्य रामाश्रय शर्मा, डायरेक्टर प्रकाश वर्मा, शिक्षिका श्रद्धा टोप्पो, पायल कुमारी, शगुफ्ता परवीन, ममता कुमारी, शबनम परवीन उपस्थित थे।










आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in
08

# भारत के पीछे पड़ा है चीन

भारत और मालदीव के बीच कमजोर होते रिश्ते साऊथ ब्लॉक द्वारा अपने पड़ोसियों के साथ सहानुभूति बनाये रखने में एक बड़ी विफलता का प्रतीक मात्र है। भारत अपने मोनरो सिद्धांत क्षेत्र में तेजी से प्रभाव खो रहा है। एकमात्र लाभार्थी चीन है। चीन आज दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अत्यधिक सक्रिय है और क्षेत्र में व्यापक राजनीतिक और रणनीतिक प्रभाव जमा करते हुए व्यापारिक और विकास अनिवार्यताओं से परे अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। 2023 में चीन ने 2.23 ट्रिलियन डॉलर मूल्य के कच्चे माल और 563.99 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात किया, जो लगभग 11.28 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) के बराबर है। मूल्य के हिसाब से लगभग 60 प्रतिशत चीनी व्यापार समुद्री मार्ग से होता है। 1978 में चीन द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था खोलने के बाद से इस संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गयी है। इस व्यापार का अधिकांश हिस्सा स्वेज नहर, बाब-अल मंडेब जलडमरूमध्य, होर्मुज जलडमरूमध्य, मलक्का जलडमरूमध्य और एसएलओसी (वाणिज्य के समुद्री मार्ग) से होकर गुजरता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूत अमेरिकी समुद्री उपस्थिति और हिंद महासागर के शीर्ष पर स्थित भारत के साथ-साथ इनमें से कुछ एसएलओसी पर हावी होने के स्थानीय लाभ को देखते हुए, चीन के लिए चुनौती और भी बढ़ जाती है। इन संवेदनशीलताओं का मुकाबला करने के लिए चीन ने स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स सिद्धांत विकसित किया। चीन को अपने प्रयासों में इस बात से भी मदद मिली है कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ तालमेल बिठाने में असफल रहा है, जिससे एक खालीपन पैदा हो गया है, जिसे दुर्भाग्य से चीन बड़ी तत्परता से भरने में सफल रहा है। पाकिस्तान के साथ भारत के शत्रुतापूर्ण संबंधों का चीन ने 1963 के चीन-पाकिस्तान समझौते के बाद से ही प्रतिकार स्वरूप लाभ उठाया है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और ऋणों के माध्यम से पाकिस्तान को चीन ने दशकों से एक जागीरदार राज्य में बदल दिया है। इस्लामाबाद पर अपने विदेशी कर्ज का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बीजिंग का बकाया है। चीन की आक्रामक ऋण कूटनीति के परिणाम स्वरूप श्रीलंका लगातार आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। अक्टूबर 2023 तक श्रीलंका पर कुल 46.9 बिलियन डॉलर का विदेशी ऋण है, जिसका 52 प्रतिशत चीन, उसके सबसे बड़े ऋणदाता पर बकाया है। 1962 में जब से सेना ने म्यांमार में सत्ता में दखलअंदाजी की तब से चीन जुंटा के लिए एक महत्वपूर्ण बाहरी बैसाखी बन गया। मणिपुर में चल रहे तनाव को प्रबंधित करने में केंद्र सरकार की अक्षमता और परिणामस्वरूप 1463 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का निर्णय और 2018 में लागू फ्री मूवमेंट समझौते को रद्द करने की धमकी पहले से ही जटिल संबंधों में अतिरिक्त तनाव बिंदू पैदा करेगी।

**चीन की आक्रामक ऋण कूटनीति के परिणाम स्वरूप श्रीलंका लगातार आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। अक्टूबर 2023 तक श्रीलंका पर कुल 46.9 बिलियन डॉलर का विदेशी ऋण है, जिसका 52 प्रतिशत चीन, उसके सबसे बड़े ऋणदाता पर बकाया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमारे देश में दो भगवानों की प्रमुखता है। एक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र और दूसरे लीला पुरुषोत्तम श्री कृष्ण। जब मनुष्य किसी विपदा में होता है, तो राम का स्मरण करता है और जब कुछ प्रेम प्रसंग या हंसी ठठोली की बात आती है तो नटखट कृष्ण की सुधि ली जाती है। राम और कृष्ण के व्यक्तिव और चरित्र में यही अंतर है। राम एक पत्नीव्रत धारण किए हुए थे, जबकि कृष्ण की अनेक पत्नियां थीं। उनमें भी राधा जो हालांकि विधिवत उनसे ब्याही नहीं थीं, पर उनके बिना कृष्ण की कल्पना नहीं की जा सकती। एक ओर सीता-राम हैं, तो दूसरी ओर राधा-कृष्ण हैं।**

# राम, रामराज्य और राष्ट्र उत्थान

**पूरन चंद सरीन**




प्रभु श्री राम की लहर चल रही है। राम हर युग में व्याप्त रहे हैं, प्रत्येक विषम परिस्थिति में संकट मोचक की तरह देखे जाते रहे हैं। दुःख में एक आशा की किरण माने जाते रहे हैं। जब कोई संकट आता है, तो राम पर उसे दूर करने का काम छोड़ कर निश्चिंत हो जाते हैं और कहते हैं कि राम सब भली करेंगे। जो करना है, वही करेंगे, जो होगा उनकी इच्छा से होगा। हमें केवल उसे स्वीकार करना है और जाहि विध राखे राम ताहि विध रहिए, सोच कर अपने काम में लग जाते हैं। राम की यही महिमा है।

**राम और कृष्ण का विपरीत स्वरूप**

हमारे देश में दो भगवानों की प्रमुखता है। एक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र और दूसरे लीला पुरुषोत्तम श्री कृष्ण। जब मनुष्य किसी विपदा में होता है, तो राम का स्मरण करता है और जब कुछ प्रेम प्रसंग या हंसी ठठोली की बात आती है तो नटखट कृष्ण की सुधि ली जाती है। राम और कृष्ण के व्यक्तिव और चरित्र में यही अंतर है। राम एक पत्नीव्रत धारण किए हुए थे, जबकि कृष्ण की अनेक पत्नियां थीं। उनमें भी राधा जो हालांकि विधिवत उनसे ब्याही नहीं थीं, पर उनके बिना कृष्ण की कल्पना नहीं की जा सकती। एक ओर सीता-राम हैं, तो दूसरी ओर राधा-कृष्ण हैं।

सीता का राम से विवाह हुआ था और उनके अतिरिक्त राम के जीवन में कोई अन्य महिला नहीं आयी, परंतु कृष्ण के जो विधिवत विवाह हुए, उनसे अलग उनका नाम राधा के ही साथ लिया जाता है, जबकि उनका विवाह नहीं हुआ था। वे रासलीला करते थे, गोपियों के हृदय में समाये रहते थे। कुछ लोग इसे कृष्ण की स्वच्छंदता समझ कर उन्हें राम से कम आंकने की भूल कर लेते हैं, जबकि राम हों या कृष्ण दोनों ही आवश्यक हैं। न हम राम के बिना रह सकते हैं और न कृष्ण के, इसीलिए भजन भी यह करते हैं : हरे राम, राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। राम और कृष्ण दोनों एक साथ जबकि स्वभाव, चरित्र और जीवन प्रसंग दोनों के एक-दूसरे से बिल्कुल अलग। जो भी हो, दोनों ही आराध्य हैं और हमें दोनों ही जीवन में चाहिए।

**छत्रपति शिवाजी सब के आदर्श बन गये, उनकी वीरता की कहानियां बच्चे-बच्चे की जुबान पर थीं।**

**संकट मोचक राम**

मुगलों ने भारत में अपने पैर जमाने की कोशिश की तो जैसा कि प्रत्येक आक्रांता करता है, उन्होंने भी किया। हमारी संस्कृति, धरोहर और प्राचीन सभ्यता तथा उसके अवशेषों को नष्ट कर उनकी जगह अपने मूल्य स्थापित किये, ताकि उन्हें भुला कर इनके रंग में रंग जाये। हमारे मंदिरों पर हमले हुए, उन्हें नष्ट करने की हरसंभव कोशिश की गयी और यदि समूल नष्ट नहीं कर सके तो उन स्थानों पर अपने निर्माण कर लिये। जब अत्याचार होते हैं और जुल्म का प्रतिवाद या मुकाबला करने की स्थिति में नहीं होते तो भक्ति का जन्म होता है। दीन या याचक की भांति भक्ति भाव पैदा होने लगता है। लगता है कि यही एक मार्ग है, जो आततायी से बचा सकता है।

भक्ति युग के इस काल में तुलसीदास आये और उन्होंने रामचरितमानस की रचना की और इसी क्रम में सूरदास आये और उन्होंने कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं कीं। राम और कृष्ण गरीब और अमीर सबके आराध्य तो थे ही। जहां गरीब लुटा-पिटा रहता था, वहां अमीर का भी शोषण होता था। सभी की रक्षा राम और कृष्ण करते हैं, ऐसा भाव मन में रहता था। भक्तिकाल के कवियों की रचनाओं से लोगों के मन को सुकून मिलता था, जालिम का मुकाबला करने का साहस उत्पन्न होता था और वे अपने आपसी मतभेदों को भुला कर एक दूसरे से सहयोग करने के बारे में नीतियां बनाते थे।

छत्रपति शिवाजी सब के आदर्श बन गये, उनकी वीरता की कहानियां बच्चे-बच्चे की जुबान पर थीं। राम कथा का बांचना और सुनना प्रत्येक परिवार की दिनचर्या में सम्मिलित हो गया। गुरु गोबिंद सिंह अवतरित हुए और उन्होंने भी जो रचनाएं कीं, उनमें भी राम का वर्णन होता था। राम जन्मभूमि पर बाबरी मस्जिद भी इसी कालखंड में बनी। इसी कारण जब आज उसी स्थल पर राम मंदिर बना, तो पूरा देश एक स्वर से उसके साथ हो गया। इतना उत्साह, इतनी ऊर्जा और साहस एक साथ व्यक्त होने का कारण यही था कि इतने वर्षों बाद लोगों के अंदर न्याय होने जैसी भावना बलवती हो रही थी।

मुगलों के बाद अंग्रेज आये और उन्होंने भी भारत की संस्कृति और सभ्यता को नष्ट करने का काम किया। इस दौर में साहित्य में भी ऐसे कवि हुए, जिन्होंने राम की अनेकों प्रकार से स्तुति की। साहित्य में छायावाद के रूप में जाने गए इस युग में महाकवि पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचना राम की शक्ति पूजा रामचरितमानस की तरह ही लोकप्रिय हुई। दूसरे स्तंभ जय शंकर प्रसाद थे, जिन्होंने कामायनी जैसी अतुलनीय कृति की रचना की। इसके जोड़ की रचना भारतीय ही नहीं विश्व साहित्य में भी शायद ही मिले।

तीसरे कवि सुमित्रा नंदन पंत हुए, जिन्होंने रश्मि बंध की रचना कर पाठकों को अद्भुत रचना दी। छायावाद की अगली स्तंभ थीं महादेवी वर्मा, जिन्होंने प्रेम, भक्ति और शृंगार से हृदय के तार झंकृत कर सकने वाली रचनाएं दीं। एक ओर क्रांतिकारी अपनी औघड़ छवि वाले बाबा नागार्जुन ने राम को लेकर एक भावभीनी रचना देकर हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया। राम राज्य की कल्पना अब जहां तक रामराज्य की बात है, तो इसकी भूमिका को लेकर बापू गांधी ने आजादी से पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि इसका अर्थ न्याय से चलने वाला शासन है। इसका अर्थ यह हुआ कि अंग्रेज सरकार न्यायपूर्ण नहीं है, इसलिए इससे मुक्ति मिलनी ही चाहिए। भारत छोड़ो आंदोलन इसकी परिणति थी।

अब आज जब हम देश में रामराज्य की स्थापना की बात विभिन्न मंचों से सुनते हैं, तो यह कैसा होगा, इसकी रूपरेखा के बारे में कुछ भी स्पष्ट न होने से अनेक भ्रांतियां हैं। इसकी पहली शर्त है कि सभी के लिए न्याय पाना सुलभ हो। अभी तो यह इतना महंगा और जटिल है कि साधारण व्यक्ति इसके बजाय अन्याय सहने या समझौता करने का रास्ता अपनाता है। अदालतों में पैंडिंग मुकद्दमे और पीढ़ियों तक सुनवाई ही चलते रहने के कारण न्याय व्यवस्था पर विश्वास नहीं होता। रामराज्य की दूसरी शर्त है कि शिक्षा और रोजगार सब के लिए सुलभ हो। देश में अभी यह दूर की कौड़ी है। भेदभाव करने वाली शिक्षा नीति और योग्यता तथा आवश्यकता के आधार पर रोजगार न मिलना वास्तविकता है।

रामराज्य की तीसरी शर्त है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। मन की बात कहने में डर लगे और कह भी दो तो उसका कोई प्रभाव न हो, उपेक्षित होने जैसा भाव मन में हो। यही नहीं आलोचना का परिणाम प्रताड़ना का भय हो तो कैसे कहा जा सकता है कि हमें चाहे हमारी बात कितनी भी अर्थपूर्ण हो, बोलने की आजादी है। उम्मीद है कि कभी तो रामराज्य की कल्पना साकार होगी।

## झारखंड की खबरें

# न्यूवेव चेतक विश्व स्तरीय शोरूम का बिष्टुपुर और साक्षी में उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर और साक्षी में न्यूवेव चेतक विश्व स्तरीय शोरूम और अत्याधुनिक सर्विस सेंटर का उद्घाटन गोविंद दोदराजका के द्वारा एचएस टावर एल रोड, बिस्टुपुर, जमशेदपुर में किया गया। चेतक भारत की इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनी है। बजाज अपने ग्राहकों को चेतक गाड़ी के रूप में दो मॉडल में उपलब्ध कराये हैं। प्रीमियम और अर्बन मॉडल, जिसका एक्स शोरूम स्टार्टिंग प्राइस 115,001 है। एक मजबूत स्टील बॉडी, जिसमें 3.2 किलो वाट लिथियम बैट्री, जिसके एक चार्ज में 127 किलोमीटर रेंज है। 25 पैसा किलोमीटर कास्टिंग है, जो की काफी किफायती है। मैक्सिमम स्पीड 73 किलोमीटर प्रति घंटा, जो कि इकोनॉमिक और स्पोर्ट्स मोड में फास्ट चार्जिंग के साथ उपलब्ध है। हिल होल्ड, रिवर्स मोड, म्यूजिक कंट्रोल जिओ फेंसिंग, प्रीमियम और अर्बन मॉडल के विविध रंगों में उपलब्ध है। न्यूवेव चेतक ने अपने ग्राहकों के रखरखाव के लिए आधुनिक वर्कशॉप साकची में तैयार किया है, जिससे ग्राहकों को लगातार सर्विस की सुविधा मिले। इस मौके पर 10 गाड़ियों की बुकिंग की गयी और गाड़ी की डिलीवरी की गयी। मौके पर कंपनी के सेल्स मैनेजर प्रीतीश और सर्विस के एरिया मैनेजर अर्पित, शोरूम के संचालक के साथ सर्विस और सेल्स की टीम मौजूद थी। यह जानकारी न्यूवेव के सीओओ मोहित कवातिया ने दी।

# डोरंडा में चित्रांश परिवार का मिलन समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री चित्रगुप्त पूजा समिति, डोरंडा द्वारा रविवार को मेकॉन नर्सरी पार्क, श्यामली कॉलोनी (त्रिमूर्ति चौक के नजदीक मेकॉन कॉलोनी) में चित्रांश परिवार मिलन समारोह भव्य रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम में रांची कायस्थ समाज का विशाल जन समूह शामिल हुआ। पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्ण नंदन सिन्हा की अनुमति से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी चित्रांश, परिवार संग शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। रांची के विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों को सम्मानित कर उन्हें समाज को एकजुट करने में अग्रणी भूमिका निभाने की शपथ दिलायी गयी। नव वर्ष के इस समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्रीसुबोध कांत सहाय, गौ सेवा समिति अध्यक्ष राजीव रंजन, मेकॉन के सीएमडी संजय वर्मा, प्रवीण प्रभाकर, अजीत सहाय, अरविंद सिंह, प्रेम सिंह, पप्पू भैया, पवन, सुरेश मल्लिक, उमेश दास, विनय, आनंद गोपाल वर्मा, मदन मोहन प्रसाद, पंकज, राजीव, सत्येंद्र प्रसाद, आलोक रंजन श्रीवास्तव देवेंद्र प्रसाद, आनंद सिन्हा, प्रेम और अन्य गणमान्य चित्रांश शामिल हुए। चित्रांश डॉ सीबी सहाय ने सभी चित्रांशों को किसी न किसी कायस्थ संस्था से जुड़ कर समाज को सही दिशा में आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने अपने उस नारे को दोहराया के 'कोई भी भाई रूठे ना कोई भी भाई छूटे ना'। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने समाज को अपनी एक जुटता दिखाने पर जोड़ दिया। श्री चित्रगुप्त पूजा समिति, डोरंडा के मुख्य संरक्षक विनय सिन्हा 'दीपू' के संग समाज के हजारों चित्रांश शामिल होकर अपने समाज को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का वचन लिया। अंत में स्वरूचि भोजन के पश्चात गर्म गर्म जलेबी के मिठास के साथ समारोह का सुखद समापन हुआ। यहीं हमारे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर मां-बाप अपनी बच्ची की शादी कर सकेंगे। यह जानकारी श्री चित्रगुप्त पूजा समिति, डोरंडा के महासचिव सुरेश कुमार मल्लिक ने दी।

# महिला, बाल विकास विभाग और झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी

**दो मानव तस्कर गिरफ्तार, 14 नाबालिग सहित 19 लड़कियों को कराया गया मुक्त**

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। उसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नयी दिल्ली और साहिबगंज पुलिस द्वारा दो मानव तस्कर को पकड़ा गया और उनके घर से बरामद दस्तावेज के आधार पर 19 लड़कियों को मुक्त कराया गया। उनमें 12 से 15 साल के बीच की 14 बच्चियां एवं पांच लड़कियां 18 वर्ष से ज्यादा की पायी गयी। सभी झारखंड के साहिबगंज जिला के बोरियो प्रखंड की निवासी हैं। इन्हें नयी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से अभियान चलाकर मुक्त कराया गया। इस कार्य में झारखंड पुलिस को झारखंड भवन, नयी दिल्ली और दो स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के संचालक वीरेंद्र कुमार और रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय पांडे ने काफी मदद की। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नयी दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि उन्हें झारखंड के बोरियो पुलिस द्वारा यह सूचना दी गयी थी कि एक मानव तस्कर कई लड़कियों को बहला फुसलाकर दिल्ली लाया है। पुलिस द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क स्थापित कर दो मानव तस्करों को पकड़ा गया। तस्करों के घर पर ही एक बच्ची मिली, जिसे वह मानव तस्करी कर दिल्ली लाया था।

मानव तस्करों के मिलते ही साहेबगंज के एसपी कुमार गौरव को सूचना दी गयी। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत एक पुलिस टीम को दिल्ली के लिए रवाना किया। राजेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली आयी बोरियो पुलिस ने मानव तस्करों के घर से मिले दस्तावेज के आधार पर दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी कर लड़कियों को मुक्त कराया। सभी को दिल्ली के विभिन्न जिले के सीडब्ल्यूसी ( बाल कल्याण समिति) में प्रस्तुत किया जायेगा और वैधानिक कार्रवाही के बाद उन्हें झारखंड महिला और बाल विकास विभाग द्वारा वापस उनके घरों में पुनर्वासित किया जायेगा। ज्ञात हो कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, झारखंड भवन, नयी दिल्ली का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला और बाल विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा के निर्देश पर की गयी। झारखंड महिला और बाल विकास विभाग द्वारा सभी जिलों को सख्त निर्देश दिया गया है कि ऐसे मामले मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाये। साथ ही संबंधित जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को भी आदेश दिया गया है कि ऐसे मामले मिलते ही टीम बनाकर नयी दिल्ली रवाना की जाये और बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाये। वहीं इनकी सतत निगरानी भी की जाये। महिला और बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है, उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को देश के अलग- अलग क्षेत्रों से मुक्त करा कर उनके घरों में पुनर्वासित किया गया है। उन्हें झारखंड सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी दिया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह और निर्मला खालको द्वारा बताया गया कि टोल फ्री नंबर 10582 नंबर के माध्यम से भी झारखंड की तस्करी के शिकार बच्चों-बच्चियों की सूचना प्राप्त होती है। मुक्त की गयी बच्चियों की काउंसेलिंग की जायेगी और उनके संबंधित जिले के डीसीपीओ के माध्यम से होम वेरिफिकेशन करा कर साहेबगंज जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा पुनर्वासित किया जायेगा। दिल्ली में मुक्त करायी गयी बच्चियों को दलाल के माध्यम से लाया गया था। झारखंड में ऐसे दलाल बहुत सक्रिय हैं, जो छोटी बच्चियों को बहला-फुसलाकर दिल्ली में अच्छी जिंदगी जीने का लालच देकर उन्हें दिल्ली लाते हैं और विभिन्न घरों में उन्हें काम पर लगाने के बहाने से बेच देते हैं। इससे उन्हें एक मोटी रकम प्राप्त होती है और इन बच्चियों की जिंदगी नर्क से भी बदतर बना दी जाती है।

# 25 विभूतियों को लोक सेवा समिति करेगी सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। लोक सेवा समिति की सिल्वर जुबली (रजत जयंती) कार्यक्रम में झारखंड की 25 विभूतियों को झारखंड रत्न से सम्मानित किया जायेगा। वैसी विभूतियां, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य से राज्य को गौरव प्रदान किया हो, जिसमें मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, साहित्यकार, कला संस्कृति, चिकित्सक, खिलाड़ी, राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, व्यवसाय, सीएसआर आदि क्षेत्र के अलावा समिति के सेवा कार्य में लंबे समय से सहयोगी रहे, उन्हें सम्मानित किया जायेगा। यह कार्यक्रम राजधानी रांची में होगा। लोक सेवा समिति की 33वीं वर्षगांठ समारोह में प्रेरणा स्मारिका का लोकार्पण भी किया जायेगा। इसमें विभूतियां के विवरण होंगे। यह जानकारी लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद आलम ने दी है।

# स्थानीय-नियोजन नीति के बगैर 2025 पदों पर बहाली झारखंडी से धोखा: राजेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। स्थानीय नीति और नियोजन नीति के बिना जेएसएससी के द्वारा आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा ली जा रही है, जिसमें लगभग 6.5 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इस पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के निवासियों के लिए यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंडी अभ्यर्थियों को इस नियुक्ति प्रक्रिया में अत्यधिक हानि हो रही है। इन्हें इतनी बड़ी संख्या के बीच प्रतियोगिता की परीक्षा देनी पड़ रही है। यदि स्थानीय नीति और नियोजन नीति झारखंड के हित में बनी होती, तो इन अभ्यर्थियों को सिर्फ झारखंड के अभ्यर्थियों से प्रतियोगिता होती, परंतु सरकार की नीति के कारण आज पूरे देश के अभ्यर्थियों के साथ झारखंडी बच्चों को परीक्षा देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि 2025 पद झारखंड के निवासियों का होता, परंतु आज यह पूरे देश के लिए खोल दिया गया है। इस परीक्षा के अलावा भी झारखंड में कई ऐसी परीक्षाएं ली जा रही हैं, जिसमें बाहरी लोगों को झारखंड के सरकारी पदों पर भरा जा रहा है, जो भविष्य में झारखंड के लिए एक विकराल रूप लेकर आयेगा। कहा कि हेमंत सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जब तक स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बन जाती है, तब तक इन प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल को प्रकाशित नहीं करना चाहिए।

# संत थॉमस स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। संत थॉमस स्कूल धुर्वा रांची में शनिवार को दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रेव डॉ एमओ उमेन, जूनियर उप प्रधानाचार्य सूजन उमेन, मारथोमा सोसाइटी के गणमान्य सदस्य और विद्यालय के सभी शिक्षकगण भी उपस्थित थे। कक्षा दसवीं के छात्र मास्टर अमन गढ़वाल और छात्रा मिस सुदीक्षा सिंह ने पिछले 12 वर्षों के अनुभव व स्मृति पल साझा किये। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्याली नंदी ने अपने आशीर्वचनों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिये। प्रधानाचार्य रेव डॉ एमओ उमेन ने कहा कि छात्र छात्राओं में अनुशासन और उनकी प्रतिभा विद्यालय की पहचान है।

## इडी की कार्रवाई के खिलाफ कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर

# इडी के खिलाफ की नारेबाजी, निकाला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के खिलाफ किये जा रहे केंद्रीय जांच एजेंसी इडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई को लेकर हजारीबाग में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह जिला संयोजक मंडली मुख्य सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय हीराबाग चौक से शुरू होकर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक, पैगोड़ा चौक होकर झंडा चौक पर विशाल जनसभा के रूप में तब्दील हो गया। जहां पर हेमंत सोरेन के समर्थन में और इडी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि इडी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलनरत होकर आवाज बुलंद करने का काम कर रही है। क्योंकि बेवजह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम करने की साजिश के तहत प्रवर्तन निदेशालय काम कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड का चहुंमुखी विकास किया है और जनकल्याणकारी योजनाओं की बयार सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम पायदान तक के व्यक्ति तक पहुंचायी गयी है। जिससे हेमंत सोरेन की और झारखंड मुक्ति मोर्चा की लोकप्रियता बढ़ी है। जिससे घबराकर विपक्षी दलों की सोची समझी साजिश के तहत प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई की जा रही है। हम झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही जिसका पुरजोर विरोध करते हैं। इस मौके पर जिला संयोजक मंडली के सदस्य, प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य, नगर संयोजक मंडली सदस्य सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई वरिष्ठ नेता व सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

## इचाक प्रखंड के पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता का निधन



इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक प्रखंड के पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता का निधन शनिवार रात को हृदय गति रुकने से हो गया। 90 वर्षीय पूर्व प्रमुख की मौत की खबर फैलते ही उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक के बड़े पुत्र दिनेश प्रसाद मेहता ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सो गये अचानक डेढ़ बजे रात को सीने में दर्द होने की बात छोटे पुत्र विकाश को बताया। जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां देखने के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव यात्रा में जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक जानकी यादव, कांग्रेस नेता दिगंबर प्रसाद मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता, प्रणव वर्मा, कुलदीप मेहता, जयनारायण मेहता, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, भागवत मेहता, ओमप्रकाश मेहता, लखन मेहता, गिरधारी यादव, विनोद मेहता के अलावा कई शामिल हुए।

## 16 को देशव्यापी हड़ताल के लिए आंगनबाड़ी यूनियन की बैठक

# समाज कल्याण का आवंटन कम करके आइसीडीएस को किया कमजोर : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ और आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, सहिया और विद्यालय रसोईया सहित सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 26 हजार वेतन, स्थायीकरण, पेंशन व ग्रेच्युटी देने की मांग पर 16 फरवरी को सीटू सहित सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की बैठक रविवार को अम्बेडकर पार्क में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अर्चना देवी और संचालन जिला सचिव वर्षा रानी ने किया। बैठक में आंगनबाड़ी में पांच माह से बकाया पोषाहार राशि, राज्य सरकार द्वारा हर साल सेविका सहायिका को क्रमशः 500 व 250 रुपये मानदेय बढ़ाने और सेविका को स्मार्ट फोन देने का फैसला लागू नहीं होने, ऑनलाइन काम के लिए रिचार्ज की व्यवस्था करने, आंगनबाड़ी बच्चों का नाश्ता खाना बनाने के लिए गैस रिफिलिंग की व्यवस्था करने सहित अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। और 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में स्थानीय मुद्दे पर समाहरणालय पर विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंजू मेहता, बेबी देवी, विमला देवी, नीलम यादव, उर्मिला देवी, संध्या वर्णवाल, तर्रनुम प्रवीण, कविता यादव, रेखा कुमारी, सुनीता देवी, गीता देवी, कंचन विश्वकर्मा, कंचन देवी, सुमैया जमीर, रीना, गौरी, देवंती, उषा, सरोज देवी, कांति, किरण, सुलेखा, रूखसाना, ललीता, दीप्ति, मंजू, सोनी, मीना, माधुरी, सविता, तालो सोरेन, पिंकी, संगीता, निरमा, सीमा, रीता, साजदा, मुनकी, अनीता, रूपवंती, बसंती, माया, आरती, सबीना हेम्ब्रम सहित अन्य मौजूद रहे।

## पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के लिए ऐतिहासिक दिन

# त्रिवेणी सैनिक को मिला बेस्ट एमडीओ का अवॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को अपनी कोयला खदान में उत्कृष्ट सुरक्षा के संग उत्पादन करने हेतु 66वें वार्षिक खनन सुरक्षा सप्ताह 2023 का समापन और वितरण समारोह में आठ पुरस्कारों से डीजीएमएस के निर्देशन में आयोजक सीसीएल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शनिवार दिनांक 27 जनवरी 2024 को खनन सुरक्षा महानिदेशालय सीसीएल, रांची के दक्षिण पूर्वी क्षेत्र के तत्वावधान में तापीन, चरही में किया गया था। जहां पर आयोजित भव्य समारोह में पकरी बरवाडीह खनन परियोजना को सुरक्षा मापदंड के साथ बेहतर काम करने के लिए अलग अलग क्षेत्रों में आठ पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ एमडीओ के लिए त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर डीजीएमएस धनबाद के निदेशक प्रभात कुमार ने खदान सुरक्षा तकनीकी का उपयोग बढ़ाकर शून्य क्षति दक्षता को प्राप्त करने का आह्वान किया। इस मौके पर निदेशक प्रभात कुमार ने आश्वासन दिया कि खदान सुरक्षा महानिदेशालय सभी खान प्रबंधकों को सुरक्षित खनन करने के लिए हर संभव मदद करेगी।

ओवरऑल ओपन कास्ट माइन के लिए द्वितीय पुरस्कार, बेहतरीन हॉल रोड प्रबंधन के लिए प्रथम पुरस्कार, डंपर/ टीपर के लिए प्रथम पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सीएचपी/ क्रशर के लिए द्वितीय पुरस्कार, बेस्ट आइटी एप्लीकेशन और इंप्लीमेंटेशन के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया तो वहीं डस्ट सप्रेशन और अग्निशमन के लिए रनर अप पुरस्कार और खदान में आयोजित सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्टाल और झांकी के लिए भी द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य खान निरीक्षक एवम डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार समारोह के मुख्य अतिथि थे। उनके अलावा सीसीएल के सीएमडी डॉ.बी वीरा रेड्डी, खान सुरक्षा निदेशक डीजीएमएस-सीसीएल आफताब अहमद भी समारोह में मौजूद थे। एनटीपीसी की तरफ से पीबी माइंस एजेंट चंद्रशेखर,पीबी माइंस मैनेजर अरविंद कुमार सिंह और सेफ्टी हेड राजेंद्र प्रसाद भी समारोह में मौजूद थे। त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से परियोजना निदेशक संजय कुमार खटोड़, जीएम माइंस सरोज पति सिंघा, डीजीएम एस गणेशन, डीजीएम सेफ्टी मलय बेहेरा, वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा, एल और डी हेड प्रशांत कुमार दास और एजीएम सेफ्टी दस्तगीर आलम के अलावा भारी संख्या में कर्मचारीगण मौजूद थे। इस मौके पर श्री खटोड़ ने कहा कि ये हम सब के लिए ऐतिहासिक पल है वहीं सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने के लिए पकरी बरवाडीह खनन परियोजना को सुरक्षा मानकों के अलग अलग पैमानों पर उम्दा प्रदर्शन के लिए पुरस्कारों से नवाजा गया है जो हम सब के लिए गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने डीजीएमएस के अनुदेशों का अक्षरशः पालन करने के लिए टीएसएमपीएल टीम को निर्देशित किया और शून्य क्षति दक्षता को पालन कराने हेतु अभिप्रेरित किया।

## अवैध शराब की भट्ठी को किया ध्वस्त

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सतगावां थाना क्षेत्र के विभिन्न जंगली इलाकों में चल रहे अवैध महुआ शराब की आठ भट्ठी को रविवार को ध्वस्त किया। सतगावां पुलिस के अनुसार कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। रविवार को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कोठियार पंचायत के कानीकेंद में 03 अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। वहीं लगभग 2 हजार केजी जावा महुआ स्थल पर ही नष्ट किया गया। साथ ही साथ रतनपुर में अवैध महुआ शराब के 5 भट्ठी को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने का उपकरण के साथ-साथ लगभग 5 हजार केजी जावा महुआ को स्थल पर ही विनिष्ट किया गया। छापामारी में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार के अलावा दर्जनों पुलिस कर्मी उपस्थित थे।












# भुइयां समाज के मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का प्रखंड स्तरीय वनभोज सह, भुइयां समाज मिलन समारोह होरम मोहडरवा में आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम और संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुइयां और महावीर भुइयां ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी ने कहा की घर परिवार के बाल बच्चा को पढ़ने लिखने पर विशेष रूप से ध्यान दें। शराब से दूर रखें तभी हमारा समाज विकास हो सकता है। जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी ने कहा समाज के लोग कम से कम उम्र वाले बच्चे शराब की ओर बहुत ही ज्यादा जा रहे हैं उसको रोकना बहुत जरूरी है। नुनुलाल भुईयां ने कहा हमारे समाज के लोग राजनीतिक में बहुत कम ही आते हैं राजनीतिक में आना चाहिए वार्ड सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति, प्रमुख बनने के बाद ही हमारा समस्या को ग्राम सभा में उचित न्याय दिया जायेगा। मौके पर प्रमुख फूलवा देवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नुनुलाल भुईयां, जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, प्रवक्ता अशोक राम, प्रमुख प्रतिनिधी हेमन्त भुईयां, संजय भुईयां, राजेन्द्र भुईयां अशोक राम, गणेश भुईयां, गिरजा भुईयां, महावीर भुईयां, गंगा राम, लोचन भुइयां, इंदरभूषण भुइयां, रामदक्ष भुइयां, नवलकिशोर भुइयां उमेश भुईयां ,फूलचंद भुइयां, कामेश्वर भुईयां सैकड़ो लोग उपस्थित हैं।





















## मवि बरवां में शान से फहराया तिरंगा

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। मध्य विद्यालय बरवां में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने झंडोत्तोलन किया। छात्र-छात्राओं ने झांकिया, विभिन्न खेल प्रतियोगिता प्रस्तुत किया साथ ही बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर प्रमुख रेणू देवी उपमुखिया रेखा देवी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद उपाध्यक्ष बेबी देवी विद्यालय एम्बेसडर ज्ञानी प्रसाद पूर्व अध्यक्ष गोपी प्रसाद, बिनोद प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, देव कुमार, सुनैना देवी, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, संतोषी देवी प्रेम प्रसाद सभी शिक्षक अमलेश्वर दास, अजय रविदास, संतोष कुमार दास, गोपेश्वर प्रसाद, अरूण कुमार, रामचन्द्र प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने चिपकाया इश्तिहार


जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रूपायडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पातीसाले में सी 1022/15 के फरार अभियुक्त अभियुक्त दर्शन यादव पिता बुधन महतो थाना जयनगर जिला कोडरमा के घर पर ढोल बजाकर विधिवत इश्तिहार चिपकाया।







# सरला बिरला स्कूल में स्पिकमैके ने किया छऊ नृत्य का प्रदर्शन



### श्री तारापद रजक और उनकी मंडली के प्रदर्शन से छात्र मंत्रमुग्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पिकमैके सोसायटी द्वारा आयोजित छऊ नृत्य की प्रस्तुति हुई। स्कूल के छात्रों को श्री तारापद रजक और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य का बेहद आकर्षक प्रदर्शन देखने का सुनहरा अवसर मिला। कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित तारापद रजक और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत नृत्य मनमोहक था। छात्रों को उत्कृष्ट लोक नृत्य शैली छऊ के बारे में बताया गया और उनके द्वारा कुछ उत्कृष्ट नृत्य स्टेप भी सिखाये गये।

विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को राज्य की सांस्कृतिक विरासत के बारे में याद दिलायी और ऐसे नृत्य रूपों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# योग-ज्ञान गीता सत्संग ने पौधरोपण किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** योग-ज्ञान गीता सत्संग ने रविवार को परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर करीब 200 महिलाएं उपस्थित थीं। टीम ग्रीन संस्था ने सहयोग दिया। यह संस्था इस्ट बड़ा तालाब के पास स्थित है। यहां पर करीब 150 महिलाएं सुबह-शाम सत्संग के लिए आती हैं। यहां पर हीलिंग और योग भी सिखाया जाता है। समय-समय पर जरूरतमंदों को निःशुल्क सेवा भी दी जाती है। यह जानकारी संचालिका सुमन साबू ने दी।

# पीएम के नेतृत्व में देश बदल रहा : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें संस्करण को रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चुटिया में बूथ संख्या 53 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मरांडी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश बदल रहा है। देश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भारत के इस बदलाव की, प्रगति की, बढ़ते कदमों की चर्चा रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भारत के प्रधानमंत्री देश की जनता के पास प्रत्येक माह एक प्रगति रिपोर्ट रखते हैं, जिसमें बढ़ते भारत, बदलते भारत की स्पष्ट छवि दिखती है। साथ ही कहा कि मन की बात कार्यक्रम ऐसा लगता है जैसे यह जन-जन की बात है। यह भारत की बात है।

## सामूहिक शक्ति का हुआ जागरण: कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात में सबका साथ, सबका विकास की झलक दिखती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सामूहिक शक्ति का पुनर्जागरण हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल भारत, कोविड से लड़ाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य सामूहिक शक्ति के जागरण से पूर्ण हुए। उन्होंने कहा कि देश में नारी सशक्तिकरण का लक्ष्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा। भारत की प्रगति में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की जा रही।

## इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, जिला महामंत्री वरुण साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बढ़ेंगी सुविधाएं

# 100 करोड़ की लागत से हो रहा विकास कार्य: संजय सेठ

### स्टूडेंट को 25 किलो तक लगेज ले जाने की छूट, सिर्फ कॉलेज का आइडी दिखाना पड़ेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा हवाई अड्डा की विमान पाटन सलाहकार समिति की बैठक रविवार को सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में हुई। यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्य और आधारभूत संरचनाओं के विकास की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गयी। रांची हवाई अड्डा प्रबंधन द्वारा किये जा रहे कार्य से अवगत कराया गया।

सांसद संजय सेठ ने बताया कि रांची एयरपोर्ट में यात्री की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 करोड़ की लागत से विकास के कार्य किये जा रहे हैं। एयरपोर्ट के अंदर पहले तले का विस्तारीकरण किया जा रहा है, ताकि 500 से 600 लोग आराम से बैठ सकें। वहीं लाइब्रेरी की व्यवस्था, यात्री के लिए कैंटीन सहित कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा स्टूडेंट के लिए फ्लाइट में 25 किलो तक लगेज ले जाने की छूट दी गयी है, उन्हें सिर्फ कॉलेज का आइडी कार्ड दिखाना पड़ेगा। केंद्र सरकार द्वारा एक और व्यवस्था की गयी है। यात्री की फ्लाइट अगर किसी कारण बस छूट जाती है, तो अब पैसे नहीं कटेंगे। इसी कंपनी की फ्लाइट से उसे दोबारा गंतव्य तक भेजने का प्रावधान किया गया है। इसमें कुछ नॉर्मल चार्ज यात्रियों को देना पड़ेगा।

रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गाड़ी से जाम लग जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए पुराने टर्मिनल के पास पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके विस्तारीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। सांसद सेठ ने कहा कि एयरपोर्ट द्वारा यात्रियों को जो भी सुविधा आम लोगों को दी जाती है, उसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से या फिर एयरपोर्ट पर एक बोर्ड पर लिख कर बताना चाहिए, ताकि आम लोगों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही बोरिंग 77 के लिए रनवे के दोनों किनारे टर्निंग पैड्स का निर्माण, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम का प्रचलन, नये कंट्रोल टावर के प्रचलन शीघ्र शुरू किये जायेंगे। हवाई अड्डा में मेडिकल इमरजेंसी से निष्पादन के लिए आगमन कक्ष के भूतल पर पारस अस्पताल और प्रथम तल पर नियुक्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मी परिचालन अवधि में उपलब्ध रहते हैं। यात्रियों को अतिरिक्त व्हीलचेयर और स्ट्रक्चर उपलब्ध कराये गये हैं।

## इनकी रही मौजूदगी

इसमें एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य, कमेटी के सदस्य रामप्रसाद जलान, आशीष भाटिया, आरएन सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# हातमा के लोगों ने पूर्वजों को याद किया, मांगा आशीर्वाद



रांची (आजाद सिपाही)। हातमा मौजा अंतर्गत हड़गड़ी मसना पूजा में रविवार को सरनाटोली, करमटोली, नगड़ाटोली, अहिर टोली, सरईटाड़, पोखर टोली, हातमा टंगराटोली, करमकोचा के हजारों की संख्या में ग्रामीण ढोल, नगाड़ा, शहनाई और पूर्वजों के सफेद झंडा लेकर हड़गड़ी मसना स्थल पहुंचे। हड़गड़ी स्थल में पहुंच कर धुवन धूप, अगरबती दिखाकर स्थल को पवित्र कर अर्पण, टीका सिंदूर, अरवा, धागा, दीया रख कर पुष्प अर्पण कर चावल डंबू, उरद भात, तपावन, पानी देकर पूर्वजों को याद कर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके लिए दो मिनट विनती की गयी। हड़गड़ी पूजा कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगलाल पाहन, सुरेश पाहन, दीपक पाहन, निर्मल पाहन, रमेश टोप्पो, शुकर मुंडा, विनोद उरांव, राजू उरांव, मुन्ना हेंब्रोम, आनंद हेंब्रोम, शुकरा पाहन, चंदन पाहन, नान्हू मुंडा, हरि उरांव, कुलदीप हेंब्रोम, बंगाल मुंडा, शंकर रुंडा, कंचन हेंब्रोम, सुमन पाहन, बबलू मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे।

# वृद्ध-विकलांग के बीच मुस्तफा अंसारी ने बांटा कंबल



रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी मुस्तफा अंसारी निजी कार्यक्रम के तहत गम्हरिया पहुंचे। वहां कुछ समाजसेवियों ने मुलाकात कर वृद्ध असहाय विकलांग महिलाओं के बारे में जानकारी उन्हें दी, तो उन्होंने गरीब, असहाय वृद्ध और विकलांग महिलाओं को तत्काल बाजार से 25 कंबल खरीद कर आदित्यपुर के इमली चौक पर बुला कर वितरण किया। कहा कि आवश्यकता पड़ने पर आगे भी हरसंभव मदद करेंगे। उनके साथ समाजसेवी युसूफ अंसारी, विमल दास, मो अली भी उपस्थित रहे।

# रूपक सिंह के कोचिंग संस्थान (आइआइटी/नीट) का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को रांची के साउथ ऑफिस पारा, डोरंडा में नवनिर्मित श्री राम स्कॉलर टावर में रूपक सिंह के कोचिंग संस्थान (आइआइटी/नीट) का उद्घाटन समाजसेवी वीरेंद्र प्रधान ने किया। यह कोचिंग संस्थान रांची के सबसे उत्कृष्ट केमिस्ट्री शिक्षक रुपक सिंह अपनी टीम पंकज राणा (फिजिक्स) फिजिक्स (आइआइएसइआर भोपाल), नवीन अग्रवाल, मैथमेटिक्स (आइआइटी खड़गपुर), हर्ष आकाश, बायोलोजी ( रिम्स ) के द्वारा चलाया जायेगा। कार्यक्रम का मार्गदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेश शर्मा (आइएस) ने किया। इस उद्घाटन समारोह में रूपक सिंह से पढ़े हुए 100 से ज्यादा आइआइटी/नीट पास विद्यार्थी और उनके अभिभावकों के द्वारा उत्साहवर्धन किया गया।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण कुमार धर दुबे (प्राचार्य)
महेंद्र नाथ चौबे (सचिव)
संत तुलसीदास इंटर कॉलेज, बी मोड़, रेहला (पलामू)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम शंकर दुबे
युवा समाजसेवी सह वरीय व्यवसाई, प्रोप्र अमन ऑटो मोबाइल्स, बरवाडीह
विश्रामपुर (पलामू)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार मिश्रा (प्राचार्य)
शशिनाथ चौबे (सचिव)
संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज बी मोड़, रेहला (पलामू)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद कुमार पंकज (निदेशक)
अजय उपाध्याय (प्राचार्य)
ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, बेलचम्पा गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार पांडेय
अध्यक्ष
सामाजिक सेवा समिति सह
प्रो. महावीर ऑटो मोबाइल्स
विश्रामपुर (पलामू)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरा केशरी
युवा समाजसेवी सह
वार्ड पार्षद प्रत्याशी
रेहला पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम किशोर चंद्रवंशी
वरीय समाज सेवी
रेहला विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार गुप्ता
संचालक
ग्राहक सेवा केंद्र
कुटेम, भारतीय स्टेट बैंक
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंजी. संतोष कुमार सिंह
निदेशक
मदर व्यू एकेडमी स्कूल
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना देवी
महामंत्री
भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा, विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. इल्लहाक आलम
रानी हॉस्पिटल
विश्रामपुर पलामू
डॉ. अजमेरुन निशा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र चौधरी
मुखिया
लालगढ़ पंचायत
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दानिश हुसैन
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद विश्रामपुर
पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज कुमार चौधरी
जिला अध्यक्ष
झारखंड निषाद विकास संघ पलामू
सह भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण
मंडल अध्यक्ष विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा
विजय रविदास
भावी लोकसभा प्रत्याशी पलामू संसदीय क्षेत्र से सह जिला परिषद
विश्रामपुर पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा
राहुल गुप्ता
थाना प्रभारी
पांडू
पलामू एसपी के कुशल नेतृत्व में पांडू को भय मुक्त बनाने हेतु सदैव तत्पर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा
प्रबंधक
संटेक प्लास्टिसाइजर एवं संटेक क्लोराइड प्राईवेट लिमिटेड
रेहला पलामू

# हॉस्टल में मिला छात्र का शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नवडीहा टाना स्कूल में हॉस्टल के एक कमरा से पुलिस ने पंखे में चादर के टुकड़े के सहारे फंदे से झूलता हुआ 5वीं क्लास के छात्र द्रविड़ उरांव का शव शनिवार की रात बरामद कर थाना ले आया। वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु रविवार को गुमला भेज दिया। घटना में रविवार को सुबह थाना में पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने प्रबंधन पर आरोप लगाया उनके लापरवाही के कारण इस तरह की घटना घटी है। इसके साथ ही घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी परिजनों द्वारा किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया शनिवार की रात 10:30 बजे नवडीहा टाना स्कूल से वार्डन ने दूरभाष पर बताया गया कि एक छात्र ने हॉस्टल के रूम में फांसी लगा लिया है। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच मजिस्टेड और परिजन के उपस्थिति में शव को पंखे के फंदे से झूलता हुआ को नीचे उतारा और कब्जे में कर थाना ले आयी। घटना के बाबत जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उक्त बच्चा होस्टल के एक रूम में विगत 15 दिनों से अकेले रह रहा था। घटना की रात वह अंदर से दरवाजा बंद किया हुआ था। अन्य रूम में रहने वाले के द्वारा जब दरवाजा खुलवाया गया, तो वह नहीं खुला इसके बाद दरवाजा को तोड़कर अंदर की ओर गया तो देखा पंखे में फांसी पर द्रविड़ लटका हुआ दिखा। जिसके बाद इसकी सूचना वार्डन को दी इसके बाद वार्डन ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी। वही पुलिस उक्त रूम में ताली लगा दिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

# विकास परामर्श यात्रा को लेकर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पहुंचे बारियातू

कुतुबुद्दीन

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस का विकास परामर्श यात्रा को लेकर रविवार को पूर्व मंत्री के एन तिर्पिठी बारियातू पहुंचे जहाँ प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार सहित सौकडों कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात प्रखण्ड के तीन पंचायत साल्वे, टोंटी व शिबला मे यात्रा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पूर्व मंत्री त्रिपाठी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके सांसद क्षेत्र से सांसद बराबर गायब रहते हैं। क्षेत्र के महत्वपूर्ण समस्या अंधकार मे है। चुनाव के समय स्नेह और प्यार के साथ साथ बड़े बड़े वादा करते हैं, और जीत जाने के बाद अपना रंग बदल देते हैं। वैसे लोगों व नेताओं से अब बचने की जरुरत है। आजाद भारत मे कांग्रेस ने जो देश और जनताओ को दिया है वह कोई दुसरा नहीं दे पायेगा। आज हर सामान डिजल, पेट्रोल, सहित कई अन्य सामान काफी महंगा हो गया है। गरीबों के थाली से दाल सब्जी गायब है। केंद्र सरकार के द्वारा हर वर्ष दो करोड़ युवाओं की नौकरी, देने का लालच देकर ठगा गया। सभी लोग रोजी रोटी के मोहताज हैं। अब समय आ गया है कि कांग्रेस के उम्मीदवार को अपना सांसद, विधायक बनायें। जो आपके हर दुख सुखा मे साथ रहे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू स्टार क्लब के द्वारा 13वीं शहीद देवनारायण भगत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका समापन 26 जनवरी के दिन धूमधाम से की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी सलीमा टेटे के अलावे कई अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान शहीद देवनारायण भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच पोलोन फुटबॉल क्लब लोहरदगा बनाम ब्रदर्स एफसी गुमला के बीच खेला गया। जिसमें पोलोन फुटबॉल क्लब लोहरदगा ने ब्रदर्स एफसी गुमला को दो जीरो से हराया। जूनियर वर्ग के मैच में जटेया स्कूल जटेया ने जय सरना लूरखुड़िया डेवीडीह को 1-0 से हराया। वहीं सीनियर वर्ग के मैच में दलादिल्ली रांची ने यंग वॉरियर्स कुडू को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया है। सभी विजेता टीमों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सलीमा टेटे ने कहा कॅरियर का कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। सदैव अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए, मंजिल अवश्य मिलेगी। वहीं न्यू स्टार क्लब के सचिव सुशील टोप्पो ने कहा टूनामेंट देश की सेवा में शहीद सभी सेनानियों के नाम समर्पित है हम टूनामेंट के माध्यम से शहीदों को नमन करते हैं कुर्बानियों को याद करते हैं इस टूनामेंट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का छाप छोड़ते है। जिस प्रकार इस क्षेत्र से अष्टम उरांव व संतोष उरांव ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है वैसे ही सभी खिलाड़ी निरंतर प्रयास कर देश व राज्य का नाम रोशन करे। मौके पर मुख्य रूप से अनिरुद्ध चौबे, विजय साहू, संजीव उरांव, पवन शर्मा, लाल उरांव, राजकुमार उरांव, अजय कुमार साहू, विनीता उरांव, राजा सिंह, सुनील केरकेट्टा, डेविड तिर्की व सुभाष भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू परिवहन का मामला आए दिन प्रकाश में आते ही सेन्हा अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी रविवार सुबह क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला कर एक ट्रैक्टर को जप्त कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेन्हा थाना परिसर में लगाया व अग्रतर कारवाई हेतु सहायक खनन पदाधिकारी लोहरदगा को सूचनार्थ किया गया। बताया जाता है कि बिना रजिस्टेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर बालू लोड कर परिवहन किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान में अंचलाधिकारी बक्सीडीपा में बालू लोडडे ट्रैक्टर को रोक चालक से कागजात का मांग किया गया। परंतु चालक द्वारा कागजात प्रस्तुत नही किया गया तथा गाड़ी छोड़ कर भाग निकला। जिसपर सेन्हा पुलिस को अवगत कराते हुए जप्त ट्रैक्टर को सुरक्षित रखने हेतु थाना भेजवाया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी से संपर्क कर जायजा लेने का प्रयास किया गया लेकिन किसी कारण से फोन पर संपर्क नही होने से जप्त ट्रैक्टर की पुष्टि नही हो रहा है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि अंचलाधिकारी के द्वारा एक ट्रैक्टर पकड़ थाना परिसर में सुरक्षित रखने हेतु सुपुर्द किया गया है। जिसके विरुद्ध अग्रतर कारवाई किया जायेगा।

## भतीजी लापता, चाची ने करवाया सनहा दर्ज

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू गांव निवासी अजीत उरांव की पत्नी मनीषा उरांव लापता हो गई है. लापता की सूचना मिलने पर कुडू थाना क्षेत्र के सलगी नवाडीह गांव निवासी सीमा उरांव ने अपने भतीजी का लापता होने पर सेन्हा थाना में आवेदन देकर कहा है की मेरी भतीजी की शादी सेन्हा प्रखंड के डाडू गांव में मार्च 2023 को अजीत उरांव से हुआ है। मेरी भतीजी 18 जनवरी 2024 के सुबह से ससुराल से लापता हो गयी है। विवाहिता मनीषा उरांव की मां बाप नही है. छोटे से उम्र से पालन पोषण उपरांत शादी कर दिए लेकीन 18 जनवरी से सुसराल से लापता है। लापता महिला का रंग सावला है, और ऊंचाई 5 फिट 2 इंच की है।

# लेवी की योजना बना रहा अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** रायडीह थाना क्षेत्र के शंख नदी में पुल बना रहे संवेदक से माओवादी संगठन के नाम से लेवी लेने की योजना बना रहे तीन में से एक अपराधी को गिरफ्तार कर सुरसांग थाना की पुलिस ने अपराधियों के मंशा को विफल कर दिया है। पुलिस ने पालकोट थाना क्षेत्र के कुटमाडीह निवासी दिनेश खड़िया उर्फ गुजु को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, प्रतिबंधित माओवादी संगठन का पर्चा और एक बाइक को जब्त किया है। थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान के अनुसार गिंजनटांड़ के पास शंख नदी में पुल बना रहे संवेदक से दो तीन संदिग्ध व्यक्ति द्वारा लेवी की योजना बनाए जाने की उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। जिसका सत्यापन के लिए निकली पुलिस टीम को देखकर दो व्यक्ति अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गया जबकि एक को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़ा गया दिनेश खड़िया ने लेवी लेने की योजना बनाने की बात स्वीकार किया। उसने अपने दो साथियों के भी नाम बताए हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ सुरसांग थाना में कांड दर्ज करते हुए दिनेश खड़िया को जेल भेज दिया है।







































## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच बांटे भोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल और उमाशंकर जयसवाल ने लगभग 130 गरीब महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी और जलेबी का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया की पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, डॉ जयश्री मेहता, अप्पू मिश्रा, ललन सिंह, सुधीर दुबे, अषित कुमार, संजू सिन्हा, कन्हैया कुमार, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## दुर्गा वहिनी ने मदद की लगायी गुहार

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बीचा गांव से एक 19 वर्षीय आदिवासी युवती करीब दो महीने से ज्यादा समय से गायब है। ओ पी में लापता होने के तारीख से दो दिन बाद 24 नवंबर को गुमशुदगी की सनहा दर्ज की गयी थी। बाद में परिजनों द्वारा अपने खोज बीन और जांच के आधार पर नामकुम, जिला रांची के समीर तिर्की पर आरोप लगाते हुए 8जनवरी को ओ पी में प्राथमिकी दर्ज करवा दी जिसमें प्राथमिकी संख्या 09/24 है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी लड़की का अबतक कोई सुराग नहीं मिला और ना ही बरामद हुई। पुलिस का मानना है कि लड़की बालिक है और अपने मर्जी से गयी है। जबकि लड़की के परिजनों का कहना है कि हो सकता है मेरी बेटी मिलने गयी हो और लड़का उसे जबरन ले गया, क्योंकि भागने वाली लड़की अपने साथ आधार कार्ड, पढ़ाई का सर्टिफिकेट, कपड़े आदि ले जाती है, परंतु मेरी बेटी खाली हाथ निकली थी। मामला जो भी हो इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मैं जिला पुलिस से यह मांग करती हूं कि लड़की को बरामद करने की कृपा करें और जो भी कानून सम्मत कारवाई हो करें। लड़की के आ जाने से परिवार वाले को शांति मिलेगी, अभी उन्हें लग रहा है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी तो नहीं हुई है। लड़की की मां ने जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी के नाम से पत्र लिख कर सहयोग की मांग की है। इस पर विचार किया जा रहा है, हो सकता है, बहुत जल्द ही भदानी नगर पुलिस के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# खुदरा सब्जी विक्रेता संघ ने किया विधायक का स्वागत

**जिला प्रशासन और छावनी परिषद से मिलकर आपकी समस्याओं का करूंगी समाधानः सुनीता चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के सब्जी विक्रेताओं के द्वारा विधायक सुनीता चौधरी का नव वर्ष पर अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर खुदरा सब्जी विक्रेताओं ने विधायक सुनीता चौधरी से कहा कि हमलोग आखिर कब तक सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाकर जान जोखीम में डालकर सब्जी बेचकर अपने जीवन यापन चलायेंगे। हम लोगों को हमेशा डर लगा रहता है कि सड़क किनारे दुकान लगा रहे है। कहीं कोई बड़ी अनहोनी घटना ना हो जाये। दिन भर बड़ी, छोटी गाड़ियों के आने जाने से धूल मिट्टी गर्दा खाने को हमलोग मजबूर हैं हम लोगों की मांग है कि सभी खुदरा सब्जी विक्रेताओं को एक साथ वेंडिंग जोन में लाया जायें। जिसपर विधायक सुनीता चौधरी ने खुदरा सब्जी विक्रेताओं की मांग को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द आपकी समस्याओं का समाधान के लिए जिला प्रशासन और छावनी परिषद से मिलकर समाधान कि जायेगी। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल , कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, नंदू महतो, मुकेश कुमार, राम प्रवेश साव, अजय कुमार, बसंत कुमार, संदीप कुमार , उमेश साहू, बबलू सोनकर, धर्मेंद्र शाह, लेखनाथ महतो, उमेश साब, प्रीतम कुमार, सोनू महतो, सविता देवी, झलकी देवी, तारा देवी, जानकी देवी, जमुना देवी, फुल कुमारी, रीना देवी, जीरा देवी सहित अन्य शामिल थे।

## वीपीआर कंसोर्टियम ने जीता श्रेष्ठ कांट्रेक्टर में द्वितीय पुरस्कार



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग क्षेत्र में बीते शनिवार को आयोजित 66वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2023 के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में मगध परियोजना में खनन कार्य कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर-बीजीआर-पीएलआर कंसोर्टियम को उत्कृष्ट और बेहतर प्रदर्शन के लिए सीसीएल में श्रेष्ठ कांट्रेक्टर में द्वितीय पुरस्कार मिला। सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने समारोह में उपस्थित वीपीआर कंसोर्टियम के महाप्रबंधक जी श्रीनिवास रेड्डी को पुरस्कार प्रदान कर बधायी दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीजीएमएस, भारत सरकार, प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि सी.सी.एल. के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी, डीएमएस रांची आफताब अहमद, सीसीएल के सभी कार्यात्मक निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित जेसीएससी और ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्यगण, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधकगण, मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापक कुलदीप महथा की मौत



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के कुम्हरदगा गांव निवासी उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप महथा 54 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। बताया गया कि कुलदीप प्रत्येक दिन की तरह शनिवार की रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गये। लेकिन रविवार की सुबह देर तक नहीं उठे। परिजन उन्हें उठाने का प्रयास किया। आनन फानन में इलाज के लिए उन्हें रिम्स रांची ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि रात में सोने के दौरान उनका हृदय गति रुक गया। जिसके कारण उनकी मौत हो गयी। कुलदीप पूर्व प्रमुख स्व कार्तिक महथा के पुत्र थे। वे समाज के कार्यो में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेने का काम करते थे। क्षेत्र के अधिवक्ता जगत महतो ने बताया कि समाज में उनके द्वारा किये गये कार्यो को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उनका जीवन संघर्ष भरा रहा। काफी संघर्ष के बाद उन्हें नौकरी मिली। वे अपनी पत्नी, दो पुत्री और एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। इनके निधन से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व विधायक ममता देवी, बजरंग महतो, प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, समाजसेवी चंद्रशेखर महतो, दिनेश कुमार महतो, मुखिया नीता देवी, नुरूलाह अंसारी, प्यारेलाल महतो, पूर्व मुखिया बजरंग महथा, रूपेश महथा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## पगला आश्रम में अखंड-हरिकीर्तन संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा उपर धौड़ा पगला आश्रम मंदिर परिसर में शनिवार से श्रीश्री 108 रामदास बाबा जी महाराज के 11वें पुण्यतिथि के अवसर पर 24 घंटे के अखंड-हरीकीर्त्तन का शुभारंभ हुआ। 24 घंटे का अखंड-हरीकीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गयी। इस दौरान हरे राम-हर कृष्ण के भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। रविवार को अखंड-हरीकीर्तन के समापन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारा में सैंकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने जयप्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश बजाज, शिव शंकर सिंह, मदन मोहन सिंन्हा, श्यामलाल, नंदू, अशोक कुमार मिश्रा, शशि भूषण वर्मा, यदुनाथ प्रसाद, भुवनेश्वर नाथ मेहता, पंकज कुमार, विपुल पटेल, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, विकास कुमार, शुभम पासवान, चंद्रमणि प्रसाद, राहुल कुमार सिंह, दीपक कुमार, शक्ति यादव, अजीत वर्मा, सुजीत कुमार मेहता, ऋषि कुमार, पीयूष कुमार, निशांत कुमार सहित कमेटी के दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# शहीदों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकताः हरजाप


**श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाय गया गणतंत्र दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरदार प्रीतपाल सिंह कालरा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम कर लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रितपाल सिंह कलरा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देशभक्ति की भावना व राष्ट्र प्रेम का संदेश देता हैं। कार्यक्रम से पूर्व सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगन में तिरंगी को लहराकर राष्ट्रगान के साथ सलामी दी गयी। बालिकाओं ने स्वागत गान गाया। विद्यालय के वाईस चेयरमैन सरदार कुलजीत सिंह कालरा ने स्वागत भाषण दिया। बालिकाओं ने देशभक्ति गीत पर अद्भुत नृत्य पेश कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। स्कूल प्रबंधक कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि को मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथि सुखविंदर सिंह के द्वारा अनमोल वचन बोले गये और अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद दिया। प्राचार्य ने बच्चों को यह बतलाया कि हमें उन वीर शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च निछावर कर दिया था, उन्हें भूलना नहीं चाहिए।

**ये थे उपस्थितः** कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी, सहित स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।





























## कार्रवाई : महुदा में हुई युवकी की हत्या का खुलासा, पत्नी ही निकली मास्टरमाइंड

# अवैध संबंधों के चलते हत्या, पांच गिरफ्तार

## 60 हजार रुपये में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले से बुलाये गये थे हत्यारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र में विगत 22 जनवरी को मोहन नापित नामक एक युवक की चाकू-चापड़ से वार कर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले की जांच में उतरी पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान ममता देवी उर्फ बेबी (30) (मृतक की पत्नी), निखिल मांझी (23), श्रीमांतो प्रमाणिक (20), विष्णु प्रमाणिक (21) और देव प्रमाणिक (24) के रूप में की गई है। आरोपितों में निखिल और श्रीमंतो प्रमाणिक बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाले हैं। उनके खिलाफ भादवि की धारा 120 (बी), 302, 201 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में धनबाद जेल भेज दिया। पुलिस की मानें तो युवक की हत्या का तार अवैध संबंध से जुड़ा है। बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने रविवार को महुदा थाना पहुंचकर मामले पर थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो से जानकारी ली। वहीं इंस्पेक्टर अलविनुस इन्वार ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि मृतक मोहन नापित की पत्नी ममता के साथ नागदा निवासी देव प्रमाणिक के साथ कथित रूप से अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा हुआ करता था। इससे परेशान होकर ममता ने देव के साथ मिलकर पति मोहन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। ममता की सहमति पर देव ने बंगाल के पुरुलिया जिले से तीन युवकों से संपर्क किया और 60 हजार रुपये में हत्या की सुपारी दी गई। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से विगत 22 जनवरी को महुदा के काण्ड्रा पंचायत स्थित दास टोला के समीप खेत में मोहन के साथ देव व उसके साथियों ने बैठकर शराब की। बाद में मांस काटने वाले चाकू से मोहन के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हत्याकांड में शामिल आरोपित चापड़ एवं चाकू के साथ चास के रास्ते होते हुए पुरुलिया के लिए निकल पड़े। रास्ते में पुपुनकी स्थित मुख्य सड़क में रेलवे ओवर ब्रिज के पास झाड़ी में हत्या में प्रयुक्त हथियार को फेंक दिया और अपने-अपने घर चले गये। जबकि भाटडीह ओपी अंतर्गत नगदा निवासी देव प्रमाणिक भी अपने घर चला गया। इस बीच खेत से शव बरामद होने के बाद मृतक की पत्नी ममता खुद ही थाने पहुंच गई और अज्ञात के खिलाफ पति की हत्या की शिकायत दर्ज करवा दी, ताकि उसकी संलिप्तता का किसी को भनक तक ना लगे। लेकिन हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए गठित पुलिस की टीम जांच में जुट गई। पुलिस ने ममता व मोहन के फोन की जांच की तो अंतिम कॉल डिटेल्स के आधार पर देव प्रमाणिक को संदेह के आधार पर हिरासत में सख्ती से पूछताछ की, तो उसने एक-एक कर सच्चाई बता दी। इसके बाद पुलिस ने देव प्रमाणिक के बताये अनुसार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के टामना थाना अंतर्गत ग्राम कोटलोई में छापामारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर महुदा थाना ले आई। जहां कड़ाई से उनलोगों से पूछताछ करने पर आरोपितों ने उक्त घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। घटना में प्रयुक्त हथियार भी चास के पुपुनकी रेलवे ओवर ब्रिज के पास झाडी से बरामद कर लिया गया। इसके बाद हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी ममता, निखिल, श्रीमांतो प्रमाणिक, विष्णु प्रमाणिक और देव प्रमाणिक (24) को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ भादवि की धारा 120 (बी), 302, 201 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में धनबाद जेल भेज दिया। वहीं, हत्याकांड की गुत्थी सुल्झाने में पुलिस निरीक्षक अलविनुस इन्वार, महुदा पुअनि योगेश कुमार महतो, पुअनि शिव कुमार (अनुसंधान कर्ता), सअनि महेंद्र राम आदि शामिल थे।



हत्या के आरोप में पकड़े गये आरोपित।



हत्या में इस्तेमाल हथियार व घटना की जानकारी देती महुदा पुलिस।

# परीक्षा में शामिल सभी बच्चों का उज्ज्वल होगा भविष्य : अविनाश

**संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए हुई प्रथम चरण की परीक्षा, शामिल हुए 100 से अधिक बच्चे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए 100 से अधिक बच्चों ने प्रथम चरण की परीक्षा दी। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी परीक्षार्थियों का हौसला अफजाई किया। कहा कि मैं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूं। उन्होंने कहा कि यह हमारे विद्यालय में बच्चों के नामांकन के लिए प्रथम चरण की परीक्षा थी, जिसका रिजल्ट 31 जनवरी को प्रकाशित होगा। इसके बाद मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। सेकंड फेज की परीक्षा 25 फरवरी को होगी। जिसके लिए अभिभावक संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यालय से फॉर्म संग्रह कर अप्लाई कर सकते हैं। विदित हो कि परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा दे रहे बच्चे हंसते-मुस्कुराते दिखे। अविनाश देव ने कहा कि बच्चे के चेहरे पर यह मुस्कुराहट बरकरार रहे, इसके लिए हमारा विद्यालय परिवार कृतसंकल्पित है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधिक्षक उत्कर्ष देव, उप प्रधानाचार्य एसबी साहा आदि उपस्थित थे।



परीक्षा केंद्र में बैठे बच्चों से बातें करते अविनाश देव।

# जपला सरस्वती विद्या मंदिर में समारोह आयोजित कर प्रधानाचार्य को दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला विद्या भारती विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने कराया। प्रधानाचार्य ने कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे एक कुशल, साहसी एवं आत्मस्वावलंबन प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत रहे हैं। इस क्रम में अतिथियों द्वारा प्रधानाचार्य को शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया और विद्यालय परिवार एवं प्रबंध कारिणी समिति की ओर से उपहार दिया गया। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा विदाई गीत गाया गया। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता ने पूर्व प्रधानाचार्य को एक सफल प्रधानाचार्य के रूप में उल्लेखित किया। समारोह का धन्यवाद ज्ञापन संजय सिन्हा ने किया। मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक ने बताया कि उक्त समारोह बेहद भावुक माहौल में संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष सत्येंद्र चंदेल, राजेश सिंह, अजय गुप्ता, पत्रकार कमलेश विश्वकर्मा, मृत्युंजय प्रसाद, राजकुमार सिंह, रंजीत मिश्र, दीपक पाण्डेय, सुनील गुप्ता, पुरुषोत्तम वैद्य आदि उपस्थित थे




# टुंडी के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**टुंडी।** कमारडीह बेहड़ा स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के चेयरपर्सन मोहम्मद सलाउद्दीन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद इरशाद, कमारडीह के पूर्व मुखिया अब्दुल रशीद अंसारी, राजेश मंडल, शिक्षक इकबाल, इश्तियाक राजेश्वर मिश्रा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक मोहम्मद इरशाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कोऑर्डिनेटर मोहम्मद आसिफ ने किया।



# माना पाठक ने धधकीटांड गांव में जरूरतमंदों में कंबल बांटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**टुंडी।** धधकीटाड गांव स्थित गांधी चबुतरा में जनहित मोर्चा के बैनर तले बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्वती चरण पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि टुंडी जैसे अति पिछड़ा आदिवासी बहुल क्षेत्र होने पर भी यहां विकास ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। भय, भूख, भ्रष्टाचार का नारा देने वाले आज खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सैकड़ों असहायों के बीच कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्वती चरण पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन मुरारी सिंह ने किया। मौके पर निजी सचिव मुरारी सिंह, ब्रजमोहन पाण्डेय, रघुपति पाण्डेय, राजीव रंजन पाण्डेय, किशोर महतो, डॉ नंदकिशोर केवट, मुश्ताक अंसारी,कलीम अंसारी, अरूण रवानी, नीतू ठाकुर, माणिक महतो, योगेश भगत, काली केवट आदि थे।

# महुदा : स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में रविवार को 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने फेयरवेल पार्टी आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक प्रेम कुमार रवानी ने की। इस दौरान 11वीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को पेन देकर विदाई दी। इस बीच 12वीं के छात्राओं ने सभी गुरुजनों को धन्यवाद देते उनके मार्ग दर्शन पर सतत चलने की बात कही। साथ ही कॉलेज में अनुशासन सिखाने, कायदे कानून बताने के लिये आभार व्यक्त किया। वहीं, कॉलेज प्राचार्य एस कुमार ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा के लिए तन मन से लग जाने के लिये उत्साहित किया। जबकि सचिव एस हुसैन ने कहा कि एक छात्र को काबिल बनाने के लिए छात्रों-शिक्षकों को एक ही ताकत से मिलकर प्रयास और संघर्ष करना होता हैं। तब जाकर कोई छात्र अपने जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर पता हैं। मौके पर उपप्राचार्य प्रेम कुमार, शिक्षक भागीरथ सिंह, राहुल राय, ममता कुमारी, करुणा कुमारी, कमला कुमारी, राहुल कुमार ठाकुर, कार्तिक कुमार, जनार्दन पाठक आदि उपस्थित थे।



# लोहारसी युवा संघ के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के लोहरसी चट्टी बजार के प्रांगण में युवा संघ लोहरसी की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और खेल-कूद का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पांकी विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्यासी लालसुरज मुखिया प्रतिनिधी अरविंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी हीरालाल साह, मुखिया मुकेश सिंह यूवा संघ लोहरसी अध्यक्ष (पत्रकार) रविंद्र कुमार ठाकुर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम पहली बार हुआ है। उम्मीद हैं कि इसी तरह के कार्यक्रम हर बार हो और हम लोग हमेशा साथ खड़े रहेंगे। मौके पर अध्यक्ष रविंद्र कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष दिलीप पाल, सचिव रोहित प्रजापति, उपसचिव उपेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिपक गुप्ता, जितेंद्र प्रजापति, भरत प्रजापति, विकाश प्रजापति, मुकेश गुप्ता, शिक्षक एजाहत हुसैन, संजय ठाकुर, अशोक पासवान, धीरज कुमार, मजीद आलम आदि मौजूद थे।



## कारो बस्ती में धूमधाम से मना दिशोम सोहराय महोत्सव

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कारो बस्ती में रविवार को दिशोम सोहराय महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां नायके बाबा सोहनलाल मांझी, कुवर मांझी ने विधि विधान से पूजा कराया। इसके बाद मांदर के थाप पर युवक-युवतियां ने नृत्य किए। मौके पर एचएमकेयू के महासचिव सह विस्थापित नेता इंद्रदेव महतो ने कहा कि सोहराय प्राकृतिक पर्व है। प्रकृति हमें सभी तरह के संसाधन मुहैया कराती है। यह पर्व फसल कटने के बाद मनाया जाता है। हम अपनी संस्कृति को भुलते जा रहे है। हमें अपनी संस्कृति को सहज कर रखने की जरूरत है। कार्यक्रम को अभिमन्यू महतो, रितलाल महतो, विश्वनाथ मांझी, कार्तिक टुडू, मोहन महतो, लखन महतो, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष गोवर्धन रविदास, लखन राम, नकूल रविदास, बिट्टू घांसी, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, मेधू दिगार ने भी संबोधित किया।



# सामाजिक कार्य करने से मिलती है खुशी: ललन रवानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** कांग्रेस के बेरमो प्रखंड सचिव सह समाजसेवी ललन रवानी की ओर से गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। उक्त कार्य पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित कार्यालय में हुआ। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया के अलावा 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति बेरमो के उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक भी मौजूद रहे। ललन रवानी ने जरूरतमंद लोगों के बीच 51 कंबल बांटा। वहीं, छेदी नोनिया ने इस कार्य की तारीफ की। कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों में कंबल वितरण करने सराहनीय कार्य है। ललन रवानी हमेशा सामाजिक कार्य के लिए तत्पर रहते है। वहीं, ललन रवानी ने कहा कि सामाजिक कार्य करने से एक अभूतपूर्ण खुशी मिलती है। कहा कि हर वर्ष गर्मियों में पनशाला के जरिए प्यासे की प्यास बुझाने की कोशिश करता हूं। वहीं, कृष्ण चांडक ने कहा कि ललन रवानी हमेशा समाजसेवा में आगे रहते है। जनसेवा ही सुकून का एक मात्र साधन है। ललन जी के माध्यम से हम सभी को सेवा करने का मौका मिलता है। मौके पर राष्ट्रीय कलवारी मजदूर यूनियन के शिवनंदन चौहान, राजेश्वर सिंह, घनश्याम प्रसाद, कमोद नोनिया, गोल्डन रवानी आदि मौजूद थे।



## 29 जनवरी की बंदी को लेकर आजसू केंद्रीय सचिव ने की तैयारी

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 54 दिनों से चल रहे धरना का जायजा आजसू के केंद्रीय सचिव कुलदीप प्रजापति ने लिया। उन्होंने बताया कि विधायक की पहल पर 29 जनवरी को बेरमो अनुमंडल को बंद करना है, तो क्षेत्र का सभी जगहों का जायजा लेते हुए विधयक डॉ लंबोदर महतो को जानकारी दी। वहीं बताया कि पेटरवार एनएच, जैना मोड़, बेरमो, फुसरो, तेनुघाट, ललपनिया, गोमिया, चंद्रपुरा सहित सभी सड़कों को बंद किया जायेगा। कुलदीप प्रजापति ने कहा कि स्कूल, बाजार, दुकान सहित सभी कुछ बंद रहेगा। वहीं बताया कि अधिवक्ता संघ भी बंदी का समर्थन कर रहा है।

## हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव समारोह

# बच्चों को शिक्षित व संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय में रविवार को 8वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, वरीय नेता धनंजय तिवारी, राजद के वरीय युवा नेता रवि यादव, राज अली व विद्यालय के निदेशक कामरान खान आदि ने संयुक्त रूप से किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मंच से बाल कलाकारों ने क्षेत्रीय एवं विविध तरह के गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रेरणादायी संदेश दिए। इसके अलावा कई अद्भुत बाल प्रतिभाओं का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर निदेशक कामरान खान ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर करायी जाती है। मौके पर रुहूल खान, प्रीतम कुमारी, रिंकी कुमारी, अनुष्का कुमारी, आफसा परवीन, वानिया खान, खुशी खान, रानी, शिफा, आयन अंसारी आदि मौजूद थे।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के निदेशक व गणमान्य लोग।

# रोजगार मुहैया कराने की मांग को लेकर झामुमो की बैठक

**बोकारो थर्मल/बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर बी टाइप कॉलोनी के क्लब में जनता मजदूर संघ (जमसं)की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उदय अग्रवाल ने की। बैठक में सीसीएल गोविंदपुर फेज दो परियोजना से विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों को आरए मीनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार मुहैया कराने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 12 फरवरी को सीसीएल में कार्यरत आरए मीनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन पर सभी ने एक स्वर सहमति दी। आंदोलन को सफल बनाने को लेकर 8 फरवरी को बैठक का निर्णय लिया गया। मौके पर जेएमएस के सह सचिव गणेश सोरेन, कोषाध्यक्ष सुजय सिंह, गौरीशंकर, गोविंद राम, संजय महतो, पप्पू यादव, बिरेश निषाद, विनय वर्मा, रितिक पासवान, रंजित ठाकुर, खीरू यादव, प्रियांसु महतो, हजरत अंसारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल रहें।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## विजेताओं को किया गया सम्मानित



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य समारोह पर अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह के द्वारा झंडोतोलन कार्यक्रम किया गया। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने अपने आवास और कार्यालय में झंडोतोलन किया। जबकि शंकर प्रताप देव डिग्री कॉलेज में पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, ठाकुर दयाल देवमणिक राज कॉलेज में प्राचार्य धनंजय सिंह, अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर सहित विभिन्न संस्थाओं और सरकारी कार्यालय में शान से तिरंगा को फहराया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं, विद्यालयों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुमंडलीय मैदान में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को के बीच अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के द्वारा ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिकास कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, कांग्रेस नेता शैलेंश चौबे, बीपीओ तस्मीना परवीन, चेंबर के अध्यक्ष शंभू सौदागर, और अन्य लोग उपस्थित थे।

## बरडीहा प्रखंड के जनप्रतिनिधि और प्रखंडकर्मी ने मिल कर मनाया वनभोज



बरडीहा(आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों और प्रखंड के सभी कर्मी और वीडीओ के नेतृत्व में वन भोज का आयोजन दवनकारा बाकी नदी पुल के पास किया गया किया गया। बरडीहा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश एम प्रखंड प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि इस तरह के वन भोज का आयोजन से आपसी भाई जरा और प्रेम का वातावरण का निर्माण होता है और जनप्रतिनिधियों तथा कर्मियों के बीच बेहतर संबंध में स्थापित होता है, जिससे विकाश का कार्य करने में सहूलियत होता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम ने कहा कि इस तरह का आयोजन का एकमात्र उद्देश्य सभी जनप्रतिनिधियों और प्रखंड कर्मियों के बीच बेहतर समन्यव स्थापित करना है। इस में बरडीहा प्रखंड के कुछ पत्रकार भी शमिल रहे।

# गांव चलो अभियान : भाजपा ने मंडल प्रभारी की सूची जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने आगामी गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर मंडल प्रभारी का सूची जारी किया। जिसमें गढ़वा के पुर्व भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को रमकंडा का प्रभारी बनाया गया है, साथ ही रीतेश चौबे को डंडा, मुकेश निरंजन सिन्हा को भंडरीया, शिवधारी राम को बड़गड़, ईश्वर सागर चंद्रवंशी को कुंडी, प्रेमानंद त्रिपाठी को हरिहरपुर, रामलला दुबे को बरडीहा, भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को मझीआंव शहरी, ओमप्रकाश तिवारी को मझीआंव ग्रामीण, मुकेश चौबे को विशुनपुरा, विकास स्वदेशी को रमना, राजीव रंजन तिवारी को डंडई लक्ष्मन राम को धुरकी, इंद्रमणि जायसवाल को सगमा, रघुराज पांडेय को श्री बंशीधर नगर मंडल, शारदा महेश प्रताप देव को श्री बंशीधर नगर ग्रामीण, भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को भवनाथपुर मंडल, उमेन्द्र यादव को केतार, रामकृपाल दुबे को खरौंधी, गिरीनाथ सिंह को चिनियां, मुरारी यादव को रंका दक्षिणी, संतोष दुबे को रंका उत्तरी, राजीव राज तिवारी को मेराल उत्तरी, सुरज गुप्ता को मेराल दक्षिणी, जवाहर पासवान को गोवावल मंडल हरेंद्र दुबे को नगर मंडल गढ़वा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा नेता कार्यकर्ता मंडल से बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और सामाजिक कार्यकर्ता से मिलेंगे।

# मंत्री के निर्देश पर शहर के कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सह राज्य के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर शहर के कई स्थानों पर बिजली के ट्रांसफार्मर लगाये गये। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि मंत्री श्री ठाकुर के निर्देश पर शहर के रंका मोड़ के समीप स्टेट बैंक के सामने 500 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। पहले से 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। इसे देखते हुए यहां पर नया 500 के केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इसके अलावा टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड के समीप 100 केवी का तथा ऊंचरीमें भी 100 केवी ये का एक-एक ट्रांसफार्मर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावे गढ़देवी मोहल्ला में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के घर के समीप 200 केवी का तथा सोनपुरवा में और चिरौजीया में 200 - 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसके अलावा एक ट्रांसफार्मर चेतना में लगाया गया। उन्होंने बताया कि मंत्री श्री ठाकुर का यह प्रयास है कि कोई भी क्षेत्र अंधेरा ना रहे। इसी को देखते हुए युद्ध स्तर पर बिजली के पोल और तार बदले जा रहे हैं। खराब ट्रांसफार्मर है, वहां ट्रांसफार्मर बदला जा रहा है।

## गढ़वा में भारत माता पूजनोत्सव का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की गढ़वा जिला इकाई द्वारा भारत माता पूजनोत्सव का आयोजन जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा में किया गया। भारत माता के चित्र के समक्ष गढ़वा जिला इकाई की सहमंत्री अंजलि शाश्वत द्वारा किये गये मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन संस्कार भारती झारखंड प्रांत के मंत्री नीरज श्रीधर स्वर्गीय, पलामू विभाग प्रमुख डॉ. शंभू कुमार तिवारी, गढ़वा जिला इकाई के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी तथा लोक कला संयोजक अरविंद कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रांत मंत्री नीरज श्रीधर स्वर्गीय ने कहा कि शाश्वत विश्वगुरु भारत माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का उत्सव है भारत माता पूजनोत्सव। हम सौभाग्यशाली हैं कि भारत की पवित्र भूमि पर हमारा जन्म हुआ है। पलामू विभाग प्रमुख डॉ शंभू कुमार तिवारी ने कहा कि मां भारती की कृपा सभी कला साधकों के साथ सभी लोगों पर बनी रहे, यही मेरी प्रार्थना है। गढ़वा जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि संस्कार भारती से जुड़े हुए सभी कला साधक भारतीयता के साथ मानवता के पोषण में सतत गतिमान रहते हैं। युवा सांसद झारखंड अंजलि शाश्वत ने कहा कि संस्कार भारती के ध्येय वाक्य 'सा कला या विमुक्तये' को आत्मसात करने वाला ही कला साधक होता है। अर्थात कला साधक की कला आधारित कोई भी गतिविधि अमर्यादित और निरुद्देश्य हो ही नहीं सकती।

## सीआरपीएफ ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला सीआरपीएफ 172 बटालियन ने कैंप परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया। समादेष्टा नृपेंद्र सिंह ने उन जवानों की वीर गाथा वह साहस की चर्चा की जिनको विगत वर्ष वीरता सम्मान दिया गया था। इसके अतिरिक्त गढ़वा जिला के सुदूर इलाका नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला बुढा पहाड़ पर चलाये जाने वाले निःशुल्क शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा पाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के साथ 172 बटालियन द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और प्रभात रैली भी निकाली गयी। इस कार्यक्रम में आमजनों ने भी हिस्सा लिया। उक्त समारोह के दौरान 172 बटालियन के अमरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी,यू आर रामेश्वर, उप कमांडेंट, नवल किशोर उप कमांडेंट, डॉ आस्था कोहली वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ शैंकी चणडोक चिकित्सा अधिकारी सहित 172 बटालियन के जवान उपस्थित थे।

## रक्तदान से बड़ा महादान कुछ भी नहीं : अमित कश्यप




गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा के द्वारा आज एक जरूरतमंद (सुखबाना निवासी) विनय पांडे, जिनका हीमोग्लोबिन 4 ग्राम था, उन्हें समाज के सदस्य अमित कश्यप (जेके मोटर्स) के द्वारा एक यूनिट रक्तदान किया गया। उन्होंने अपना छठावां रक्तदान सामाजिक कार्य हेतु किया है। अमित कश्यप के द्वारा कहा गया कि रक्तदान करना बहुत ही पुनीत कार्य है रक्तदान से बड़ा महादान कुछ भी नहीं है। मौके पर समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, कार्यकारिणी सदस्य सतीश कश्यप, सदस्य सुनील कश्यप (पप्पू),अमित कश्यप उपस्थित थे।














































आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बुड़का गांव निवासी सड़क दुर्घटना में घायल प्रभु तिग्गा (27) की सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान शनिवार की रात को मौत हो गयी। रविवार को पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक प्रभु तिग्गा शनिवार की देर शाम को बाइक से अकेले सिसई से अपने घर बुडका जा रहा था। इसी क्रम में वह ड़ाडहा के समीप नेशनल हाईवे में खड़े ट्रक को वह पीछे से तीव्र गति से टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से चंपत हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अवस्था में सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

## नि:शुल्क चिकित्सा और दवा वितरण शिविर लगा



**भरनो (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची (औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड पश्चिम, रांची) द्वारा रविवार को डोम्बा गांव के राजकीयकृत मध्य विद्यालय भवन में नि:शुल्क चिकित्सा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एस. एन. सिन्हा, डॉ. रंजन नारायण, डॉ. उत्तपल कुमार, डॉ. शंकर रंजन, डॉ. रोहित सिंह के साथ भरनो ब्लॉक से डॉ. जाहिद अख्तर एवं डॉ. सीमा प्रकाश ने चिकित्सीय सेवा उपलब्ध की। शिविर में डोम्बा सहित आस पास के गांवों से लगभग 218 मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं दवा दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लालदेव उरांव व बलदेव उरांव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मौके पर शिविर में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची के राधेश्याम सिंह, नवीन कुमार, आशुतोष कुमार, अरुण सिंह, समरेन्द्र कुमार सिंह, प्रशान्त सिन्हा, पवन कुमार, अभिजीत रौनियार, दक्ष कुमार, जय शंकर कुमार, सागर सिंह, अंजनी सिंह, गजेंद्र साहु, राजीव कुमार, सुधीर कुमार साहु, प्रताप आदित्य नाथ शाहदेव, गिरेंद्र नाथ शाहदेव सहित 30 श्रद्धालु व सदस्यगण मौजूद थे।

## अपहरण की शिकायत को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना छेत्र के सिलाफारी हुन्डरा टोली गांव निवासी महिला ने 18 वर्षीय बेटी के अपहरण की शिकायत को लेकर एसपी को ज्ञापन सोपा है। सौंपे ज्ञापन में कहां है कि मेरी 18 वर्षीय बेटी बीते 19 जनवरी को शहर के एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय जाने की बात कहकर घर से निकलने के बाद गायब है।बेटी के गायब होने के बाद परिजनों ने इसकी शिकायत थाना में की थी। मगर अब तक उसका कोई सुराग नही मिला है। जिसके बाद परिजनों ने एसपी से मिलकर बेटी का अपहरण किये जाने की आशंका व्यक्त करते हुए उसकी खोजबीन की गुहार लगायी है। एसपी को दिए आवेदन में युवती ने कहा है कि 19 जनवरी को मेरी पुत्री एसएस +2 हाई स्कूल गुमला जाने के लिए घर से निकली थी और देर शाम तक वह वापस घर नहीं आयी। तभी हमलोगों ने अपने सगे-संबंधी को फोन में बेटी के बावत पूछताछ की। लेकिन किसी भी तरह बेटी का कुछ पता नहीं चला। फिर एसएस +2 उच्च विद्यालय में जाकर बेटी के बारे में पूछताछ किया तो वहां शिक्षकों के द्वारा बताया गया कि 19 जनवरी को स्कूल बंद था। बेटी दिव्या कुमारी घर से निकलने के दौरान अपने साथ मोबाइल का एक सिम कार्ड भी लेकर गयी है। उस नम्बर पर फोन किया गया परन्तु नम्बर स्वीच ऑफ आ रहा है। माँ ने आगे कहा है कि मुझे यह जानकारी निली है कि मो रूस्तम पिता मो असगर अली ग्राम नरोलीसेन, थाना मुजफ्फरपुर जिला मुजफ्फरपुर, बिहार के द्वारा मेरी बेटी को अपहरण किया गया है। मुझे विश्वास है कि मेरी पुत्री का अपहरन पूरे परिवार के सदस्यों के द्वारा आपराधिक साजिश से एक मत होकर मानव तस्करी अथवा अन्य आपराधिक उदेश्य हेतु किया गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा गुमला थाना में एक आवेदन दिया गया था लेकिन अब तक दोषी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, और न ही मेरी लड़की की बरामदगी हो सकी है।

# सामूहिक प्रयास से ही कलीसिया का विकास : बिशप

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर ।** चैनपुर में नवनियुक्त गुमला धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ लीनुस पिंगल एक्का का रविवार को चैनपुर पहुचने पर भव्य स्वागत किया गया। वे बिशप बनने के उपरांत पहली बार अपने गृह प्रखंड चैनपुर रविवार को पहुंचे थे। सर्वप्रथम चैनपुर बस स्टैंड में बिशप स्वामी को माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छा देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं बिशप स्वामी ने शहीद परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिसके उपरांत धर्म विश्वासियों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ ढोल नगाड़ा के साथ नाचते गाते जुलूस के रूप में बिशप स्वामी को लेकर संत जॉन चर्च ले जाया गया। जहां धर्म बहनों ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं चर्च परिसर में मिस्सा पूजा का आयोजन हुआ। बिशप स्वामी ने ख्रीस्तीय विश्वासियों को अपने संदेश में कहा कि सामुहिक प्रयास से ही कलिशीया का समग्र विकास हो सकता है। आज हमारे लिए एक खास दिन है। जिसके लिए वे ईश्वर को धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन सहज नहीं है। हमें हर प्रकार की कठिनाइयों और समस्याओं से जूझना पड़ता है। लेकिन ईश्वर हमें कभी नहीं छोड़ते और हमें कृपा प्रदान करते हैं । हम ईश्वर की आशीष और कृपा के बिना एक क्षण भी जीवित नहीं रह पाएंगे। इसलिए हमें ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए। ईश्वर हम सबों को इस दुनिया में एक योजना के तहत भेजते हैं। हमें अपने जीवन में इस योजना को पहचानना है।

इस मौके पर मुख्य रूप से पल्ली पुरोहित फादर जेबिरियानुस फादर इनोसेंट फादर राजेंद्र फादर अजीत फादर कुलदीप सिस्टर अनीता जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कान्ति कुजूर, झामुमो ज़िला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज, जेम्स रोजारियो, फिलमोन कुजूर, लेयोनार्ड खलखो, अलबर्ट तिग्गा, पलासिदीयुस टोप्पो, नवीन कुजूर, रणधीर कुजूर सहित कई पुरोहित व धर्म बहने एवं काफी संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट स्टार्ट गाड़ी आगे बढ़ी, चालक की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना क्षेत्र के कुजाम काटा घर के समीप खुद के ट्रक के चपेट में आने से चालक पुषा उरांव बामहन डीहा लोहरदगा निवासी की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूसा ट्रक को लेकर शुक्रवार को कूजाम माइंस गया हुआ था। बॉक्साइट लोड करने के उपरांत जब वह रविवार को कांटा घर के समीप बॉक्साइट का वजन करने के लिए पहुंचा तभी अचानक गाड़ी बंद हो गयी। इसके उपरांत वह ट्रक के बाया आगे की टायर के समीप से वह शॉर्ट सर्किट के माध्यम से ट्रक को स्टार्ट कर रहा था, तभी गाड़ी गियर में होने के कारण आगे की ओर बढ़ गया और वह टायर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना उपरांत माइंस कर्मियों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां चिकित्सक नदारत थे। केंद्र के एनएम के द्वारा दूरभाष के माध्यम से चिकित्सक से बात करने के उपरांत पुषा को एनएम के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

## जंगल में पेड़ से गिर कर युवती घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डूको निवासी 19 वर्षीय अनीता कुमारी सखुआ पेड़ में चढ़कर लकड़ी काटने के क्रम में पेड़ से 20 फीट नीचे गिर गयी। घटना में उसके कमर में गहरी चोट लगी है। उसके साथ जंगल गए लड़कियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी इसके बाद ऑटो से युवती को घर लाया गया इसके बाद सदर अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गांव की कुछ लड़कियां जलावन के लिए लकड़ी काटने डुको जंगल गई थी। पेड़ की डाली टूटने से अनीता गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से वृद्ध घायल, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एजी चर्च बड़का डीह के समीप स्कॉर्पियो के टक्कर से घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दोदांग निवासी 60 वर्षीय विमल लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी वही उसका एक हाथ भी टूट गया।घटना की जानकारी पर परिजन उसे ऑटो से लेकर सदर अस्पताल आए जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृद्ध पत्थर तोड़ने का काम करता है वही बड़का डीह से काम कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था तभी एक स्कॉर्पियो पीछे से टक्कर मारकर गुमला की ओर फरार हो गया।

## बाइक से गिर कर तीन युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव के समीप ट्रक की रोशनी से चौंधिया कर बाइक सवार पोजेंगा लोधमा निवासी 22 वर्षीय मुकेश गोप,19 वर्षीय समीर डुंगडुंग और 23 वर्षीय विष्णु केरकेट्टा घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां तीनों का इलाज किया गया। घटना में बाइक चालक मुकेश को चेहरा व सिर में काफी चोट लगी है। जबकि समीर को चेहरा में चोट लगी वही विष्णु को हल्की चोट लगी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक से नवाडीह गांव मेहमान गए थे। वहीं वापसी के क्रम में यह घटना घटी।























































## जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर : महादेव पहान



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पझरी पहाड़ की तलहटी में रविवार को ऐतिहासिक माघ जतरा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। जतरा में बिटपी, पझरी, धोबली, वकील अंबवा, सेमरा, भंडरा, उदरंगी सहित दर्जनों गांव के आदिवासी महिला-पुरुष हजारों की संख्या में शामिल हुये। जतरा में नगाड़ा बजा कर विभिन्न गांवों से आए पारम्परिक नृत्य मंडली द्वारा प्रस्तुति ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके प्रधान महादेव पहान ने कहा कि जतरा आपसी भाईचारगी को बढ़ाता है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने सिर्फ गीत-संगीत के लिए नहीं बल्कि रिश्तों के आदान-प्रदान के लिए जतरा का आयोजन शुरू किया था। यह परंपरा आज भी कायम है। जतरा में मुर्गा लड़ाई को देखने के लिए दूर-दूर से ग्रामीण पहुंचे थे। जतरा में ग्रामीणों ने मिठाइयां, सिंगर सामग्रियों की जम कर खरीदारी की। मौके पर रामविलास उरांव, फूलदेव उरांव, एतवा उरांव, बिरसा उरांव, मीरा उरांव, शंकर उरांव, लदे उरांव, महादेव उरांव, गंद्रु उरांव, मंगलेशवर उरांव सहित काफी संख्या मौजूद थे।

## डीसी से सड़क निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने आदित्य साहू की अगुवाई में उपायुक्त से किया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि पीएमजीएसवाई सड़क अंतर्गत 111 बैच 11 से रोड सेरेंगहातु तोड़ार से बक्शीडीपा पथ में पीङ्गसीङ्गसीङ्ग का कार्य चल रहा है। उस कार्य में सीमेंट की जगह डस्त का उपयोग किया जा रहा है। जिसके कारण रोड का ढलाई उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने ठेकेदार से शिकायत किया तो आश्वासन दिया गया कि दोबारा इसके ऊपर 2 इंच ढलाई कर दिया जायेगा। लेकिन इसके ऊपर ढलाई किये बिना आगे का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों ने जब दोबारा ठेकेदार से बात करने की कोशिश किया तो ठेकेदार द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए अपने पिस्टल को लहराते हुए ग्रामीणों को धमकी दी की कौन आता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से न्याय के लिए गुहार लगायी है।

# जनता का विश्वास के साथ काम करना मेरा कर्तव्य है : विधायक

डिम्पल राजा



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने दिन रविवार को चार सड़क पथ नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का आवरण किया। पहला सड़क का शिलान्यास बिजलीदाग रोड से सूटाटाड़ से महुआटाड़ दूसरा शिलान्यास हटा से आंटीखेता तीसरा भट्को को शिव मंदिर होते हुए ओरंगा नदी तक करोड़ों की लागत से बनाई जा रही है। चौथा सड़क निर्माण राष्ट्रीय मार्ग 39 रांची रोड से कुई मोड़ से होते हुए कोपे, डुमरी ,कोइली, से होते हुए कुई सड़क का शिलान्यास किया गया। वही पत्रकारों को जानकारी देते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि कुई मोड़ से कोपे होते हुए कुई जाने वाली सड़क इतनी जर्जर स्थिति में थी। जगह-जगह गडहा काफी सड़क का स्थिति खराब था। हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी। सड़क मे यात्रा करने में लोगों को परेशानी होती थी। लोगों का शिकायत से हमने गंभीरता लिया। और अभिलंब चार जगहों सड़क निर्माण का आज शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं जनता का आकांक्षा है हमसे उम्मीद है। उसे हम पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे प्रयास दिख भी रहा है। अभी हम लोग को बहुत विकास कार्य करना बहुत बाकी है। हम लोग लगे हुए हैं विकास कार्य में जो यहां के लोग का उम्मीद है उसे हम पूरा करने का प्रयास किया। करेंगे और मनिका विधानसभा में विकास कार्य बाधित नहीं होगा हमारा प्रयास जारी है।

# संगठन का विस्तार हमारी पहली प्राथमिकता : नीरू शांति भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक के समीप आजसू पार्टी सदर प्रखंड की बैठक जिला महासचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी विलियम कुजूर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत उपस्थित थी। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार से संबंधित चर्चा हुई एवं प्रत्येक पंचायत में बैठकों की तिथि निर्धारित की गई और नये सदस्यों को आजसू पार्टी में शामिल करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि संगठन का विस्तार ही हमारी पहली प्राथमिकता है, आज जिन नये सदस्यों एवं पुराने कार्यकताओं को पदभार मिला है उनका मैं स्वागत करती हूं और आने वाले समय में पार्टी का और विस्तार किया जाएगा और पार्टी कार्यकर्ता जनता के मुद्दे को लेकर आगे बढ़ेंगे। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, जिला महासचिव विलियम कुजूर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ,लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आंईन्द, किशोर उरांव, जिला सहसचिव शमीम अंसारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो सचिव हेमंत देवी, करमी भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, रियाज अंसारी आदि शामिल है, बैठक में तय किया गया कि 1 फरवरी को निगनी पंचायत एवं 1 फरवरी को ही हिरही एवं मन्हो पंचायत के पदाधिकारी के साथ बैठक की जायेगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल, हालत गंभीर

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत टोरी शिवपुर-बालूमाथ रेलखंड पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के जोगियाडीह गांव के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से 13 वर्षीय किशोर के दोनों पैर कट गये।किशोर की पहचान जोगियाडीह गांव निवासी संजय लोहरा के पुत्र सुमित लोहरा के रूप में की गयी। गंभीर हालत में उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने घायल सुमित लोहरा की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त किशोर दौड़कर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था तभी उसका पैर ट्रैक में फंस गया और वह वहीं गिर गया। उसके पैर के ऊपर से मालगाड़ी गुजर गयी, जिससे उसके दोनों पैर कट गये। फिलहाल किशोर की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश विश्वकर्मा
केंद्रीय सचिव आजसू पार्टी
सह विधायक प्रतिनिधि, गोमिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत कुमार
थाना प्रभारी आईईएल
थाना सह प्रशिक्षु
डीएसपी, बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कामदेव महतो
निदेशक
मां सरस्वती विद्या मंदिर
तुपकाडीह, बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वेश कुमार दुबे
निदेशक/प्राचार्य
किड्स आइलैंड पब्लिक
स्कूल तुपकाडीह, बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश रंजन
थाना प्रभारी
गोमिया थाना, बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अविनाश महतो
संगठन मंत्री
जेबीकेएसएस केंद्रीय युवा मोर्चा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चांदना मिश्रा
मुखिया गोविंदपुर डी
पंचायत
बोकारो थर्मल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार
महतो
थाना प्रभारी
महुआटाड़ थाना, बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजीत कुमार
भारती
थाना प्रभारी
राजकीय रेल थाना, गोमिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवानंद कुमार
थाना प्रभारी
आईईएल थाना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद कुमार
शर्मा
परियोजना पदाधिकारी बोकारो
कोलियरी, बोकारो
सौजन्य - बोकारो कोलियरी परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फूलचंद केवट
पूर्व पंचायत समिति सदस्य
बुधनी देवी
मुखिया
महुआटांड पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार
सिन्हा
उप कोषाध्यक्ष
मंदिर समिति सह सचिव
कांग्रेस गोमिया प्रखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
दीपक
कुमार महतो
वरीय आजसू नेता
बेरमो, प्रमुख
सांसद प्रतिनिधि

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कुमार
थाना प्रभारी
पेटरवार थाना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार गुप्ता
महाप्रबंधक, सीसीएल कथारा क्षेत्र
विजय कुमार
परियोजना पदाधिकारी कथारा
कोल वाशरी
डीके सिन्हा
परियोजना पदाधिकारी
कथारा कोलियरी
परमानंद गुईन
परियोजना पदाधिकारी
जारंगडीह कोलियरी
अभय कुमार सिंह
स्टॉफ अफसर असैनिक
सीसीएल कथारा क्षेत्र
राजेश कुमार
एएफएम
सीसीएल कथारा क्षेत्र
मोहन कुमार
परियोजना अभियंता
कथारा कोलियरी
संजय कुमार सिंह
परियोजना अभियंता
असैनिक कथारा कोलियरी
विधुत एवं यांत्रिक
परिवार सीसीएल
कथारा क्षेत्र
सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड
कथारा क्षेत्र

## डीएवी विवेकानंद स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन



डीएवी स्कूल को पुरस्कृत करते हुए अतिथि।

बेड़ो(आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रशासन के तत्वाधान में महादानी मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मार्च पास्ट 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, निबंध, पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के छात्र-छात्रों ने प्रतिभाग किया और अपनी क्षमता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें डीएवी विवेकानंद स्कूल ओवर ऑल चैंपियन बना। इस दौरान प्रतियोगिता में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। मौके पर विधायक ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल का भी जीवन में बड़ा महत्व है। खेल से बच्चों का मानसिक सामाजिक और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने कहा बच्चों में नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए खेल आवश्यक है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत विजय भगत, वाणी कुमार राय, मनोज लकड़ा, भीखा उरांव, भवानी शरण सिंह, विश्वनाथ गोप मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अरुण कुमार साहू, अनमोल टोप्पो, प्रकाश सहित कई लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

## ठंड से बचाव को लेकर कंबल वितरित किया



नामकुम (आजाद सिपाही)। ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी में स्थापित शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने दर्जनों जरूरत मंद महिलाओं, वृद्ध को ठंड से बचाव के लिये कंबल का वितरण किया। इससे पूर्व गांव के ग्रामीणों ने मनोज सिंह का सोल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश प्रताप सिंह और रमेश झा ने किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस शीत लहरी ठंड में वृद्ध लोग ठंड से परेशान है। ऐसे में उनके लिये ठंड से निजात दिलाने से मन को बहुत शुकुन मिलता है। कंबल पाकर लोग बहुत खुश दिखे। मौके पर एसके झा, नागमणी, किशोर प्रजापति, लखी उरांव, सोमरी मुंडा, विशाल पांडे, मुकेश, कृष्णा, लीला सिंह, मुकेश सिंह सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# रातू पिर्रा में खुला दुबई एक्सपो मोटर का शोरूम

- अजय नाथ शाहदेव ने फीता काट कर किया उद्घाटन
- पहले दिन स्कॉर्पियो और एक बोलोरो की हुई बिक्री
- आसान किस्तों में है फाइनेंस की सुविधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



शो रूम का उद्घाटन करते अजय नाथ शाहदेव और अन्य

**रातू।** क्षेत्र के पिर्रा में रविवार को सेकेंड हैंड कार का दुबई एक्सपो मोटर नामक शो रूम का भव्य उद्घाटन किया गया। पूर्व उप मेयर और कोंग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, अलकमर एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक और प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी ने फीता काट कर शो रूम का उद्घाटन किया। पिर्रा डीएवी स्कूल स्थित शो रूम में दर्जनों सेकेंड हैंड कार मौजूद है। जिसमे स्कॉर्पियो, बोलोरी, डिजायर, स्विफ्ट के अलावा अन्य कार शामिल है। उद्घाटन के कुछ घंटे बाद ही लातेहार निवासी रवि वर्मा ने स्कॉर्पियो एस 10 की खरीदारी की इसके उपरांत चतरा के लावा लॉन्ग निवासी सुनील कुमार तुरी ने भी एक बोलेरो खरीदी। शो रूम के प्रोप्राइटर असमुल अंसारी, मोबारक अंसारी और मुदस्सर खान ने बताया कि हमारे शोरूम में अच्छी कंडीशन में दर्जनों सेकेंड हैंड कार मौजूद है। ग्राहकों को यहां आसान किस्तों में फाइनेंस की भी सुविधा दी जाती है। उन्होंने बताया कि नयी कार खरीदना हर किसी के लिए संभव नहीं है। इसलिए इस्तेमाल की गई कारों की मांग बढ़ी है। जो लोग नयी कार खरीद सकते हैं, वे अपने पुराने कार को बेचने में रुचि रखते हैं। जिसे हम खरीद कर ग्राहकों को बेचते है। समारोह में जोहार पार्टी के विजय कुशवाहा, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी मुखिया प्रभा तिर्की, अजमुल हक, समाजसेवी अरशद अयूब, प्रगति मानव सहयोग समिति के सचिव वसीम मलिक, खुर्शीद अंसारी, जहीर अब्बास, अफजाल खान, जावेद अख्तर, असलम अंसारी, मोबिन, नायाब सेक्रेटरी मुख्तार अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर एक दिवसीय बूथ प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तमाड़।** तमाड़ के रायडीह में कांग्रेस के न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर एक दिवसीय तमाड़ विधानसभा स्तरीय बूथ प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की जिला अध्यक्ष डा राकेश किरण महतो तमाड़ प्रभारी अन्युल हक लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा प्रखंड अध्यक्ष तमाड़ संजय सेठ बुंडू प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो अडकी प्रखंड अध्यक्ष बसंत सेठ वरीय उपाध्यक्ष अजय साहू आदि शामिल थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि आज पूरे देश की राजनीति में विकास के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है, महंगाई अपने चरम पर पहुंच गया है। लोगों के थाली से दाल और सब्जी गायब है। सरकारी चीजों को मोदी सरकार प्राइवेट के हाथों देकर पूजीपतियों को कमायी का जरिया दे रही है, इसीलिए हमारे राहुल गांधी पूरे देश में न्याय यात्रा निकाल रहे है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में पिछले पांच सालों में एक भी बड़ी योजना लागू नहीं किया गया. गरीब वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग तक आज महंगाई से परेशान है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की मोदी सरकार के मनमानी रवैये से परेशान लोगों को एक जुट करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें, साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को न्याय यात्रा में शामिल हो। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह गंदी राजनीति का खेल हुआ। उससे मन दुखी है लेकिन इससे इंडिया गठबंधन टूटने वाली नहीं है। जबकि और मजबूत होकर चुनावी मैदान पर उतरेगी।

इडी पर उन्होंने कहा कि यह एक स्वतंत्र एजेंसी है, लेकिन आज केंद्र सरकार के हाथों की कठपुतली बनकर रह गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेवजह इडी पूछताछ के नाम पर परेशान कर रही है। इस मौके पर तमाड़, बुंडू और अड़की प्रखंड के हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

## लूटपाट मामले में चार अपराधियों की गिरफ्तारी

तमाड़(आजाद सिपाही)। कोलकाता से रांची आ रही शिवम नामक बस में हुई लूटपाट मामले में चार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। ये अपराधी लोहरदगा और गुमला के रहने वाले हैं। गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 10 लाख रुपये से ज्यादा नगद की बरामदगी होने की बात भी सामने आ रही है। बीते 16 जनवरी को कोलकाता से रांची आ रही शिवम नामक बस में सवार चार अपराधियों ने तीन सब्जी व्यापारियों से लूटपाट की थी। घटना सुबह 6:00 बजे के करीब की है। अपराधियों ने व्यापारियों से 18 लाख रुपये लूट लिये थे। लूटपाट करने के बाद अपराधियों ने ड्राइवर को पिस्तौल के बट से मारकर घायल कर दिया। इसके बाद दशम फॉल थाना क्षेत्र के नावाडीह मोड़ के समीप बस रुकवा कर जंगल की ओर भाग गये। इस दौरान दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की थी। घटना के बाद तीनों व्यवसाय दशम फॉल थाना पहुंचे और प्राथमिक की दर्ज करायी थी। अपराधियों ने जिन सब्जी व्यापारियों से लूटपाट की थी उनके नाम तौफिक आलम, जमील अख्तर और मोहम्मद शाहिद है।

## युवक की हत्या कर लाश को पलना नदी के किनारे फेंका

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के पालना गांव के निकट नारायण महतो (25) वर्ष की शनिवार रात हत्या कर लाश को पलना नदी के किनारे फेंक दिया गया। मृतक चुनीडीह टोला पलासडीह थाना ईचागढ़ का रहने वाला था। वह महाराष्ट्र में नौकरी करता था। सूत्रों के अनुसार वह एक लड़की से मोबाइल पर बात करता था, और वह उसी से मिलने आया था कि आपत्तिजनक स्थिति में उसे पाकर उसकी हत्या कर की गयी। उसके दोस्त का एक बाईक दासडीह हुरूणडीह के पास मिला है, जिसका नंबर प्लेट उखड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है, उसका मोबाइल भी गायब था। पुलिस काल डिटेल्स खंगाल रही है, इस संबंध में मृतक के पिता सुरथ महतो ने अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा है और मोटरसाइकिल को जब्त किया है।

## कपड़ा बैंक ने 450 जरूरतमंदों के बीच कपड़े और कंबल का किया वितरण



बेड़ो (आजाद सिपाही)। कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में रविवार को इटकी प्रखंड के भंडरा गांव में 450 जरूरतमंदों के बीच कपड़ों और कंबल का वितरण किया। कपड़ा बैंक की टीम में आज कैलाश कुमार, सुनील महतो, रवि केशरी, मुकेश कुमार, अनुज कुमार गुप्ता और शक्ति साहू थे। साथ ही कपड़ा वितरण में भंडरा के अरुण गोप का सहयोग रहा।
































































### पलामू पहुंचे झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी जिलों में आयोजित स्वीप गतिविधियों की समीक्षा की

# स्वीप एक्शन प्लान करें तैयार : सीइओ

**समाहरणालय में इवीएम प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण कर किया अवलोकन**

## दूसरे राज्यों में काम कर रहे प्रवासी श्रमिक को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पहुंचे झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रववार को राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को स्वीप एक्शन प्लान बनाने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कैंप एंबेसडर के साथ बैठक कर स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाने, स्वीप सेल कोर कमेटियों के साथ बैठक कर स्वीप कार्यक्रमों में गति लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा मतदान केंद्र एवं मॉडल मतदान केंद्र बनाने के लिए योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया, ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने झारखंड के प्रवासी श्रमिक जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उन्हें भी मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित मजदूरों की सूची लेते हुए प्रवासी श्रमिकों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्होंने पलामू समाहरणालय में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण कर अवलोकन किया।


पदाधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार।

पलामू के एनआईसी सभागार से आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, पलामू जिला के निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता-सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरजीत सिंह, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सामान्य शाखा पदाधिकारी-सह-स्थापना समाहर्ता रश्मि रंजन उपस्थित थे। वहीं राज्य के विभिन्न जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त, स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# जब राम आये हैं, तो रामराज भी आयेगा: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जय श्रीराम योगा ग्रुप बेलवाटिका की ओर से गांधी उद्यान में झंडोत्तोलन के बाद गांधी उद्यान से 75 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर भी मौजूद थी। गांधी उद्यान में प्रथम महापौर ने कार्यक्रम की शुरूआत गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने साथ किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में गांधी जी की भूमिका अहम थी, जिसे कभी भुलाना नहीं जा सकता है। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सभी को गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए तभी रामराज की कल्पना हम कर सकते हैं। प्रथम महापौर ने कहा जब राम आए हैं तो रामराज भी जल्द आएगा। इस अवसर पर काफी महिलाएं-पुरुष और बच्चे उपस्थित थे, जो झंडोतोलन के बाद प्रथम महापौर के नेतृत्व में ऐतिहासिक 75 मीटर लंबा झंडा लेकर शहर का भ्रमण किया गया। जिसे लोगों ने काफी सराहा भी। इस अवसर पर ललन सर, रविंद्र कुमार सिंह, अमिताभ मिश्रा, जयशंकर श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, प्रमोद मिश्रा, अनिल सिंह, रानी अग्रवाल, अनीता कुमारी, कुसुम कुमारी, आयुष कुमार, शालिनी श्रीवास्तव, रोहित कुमार, देवदास सिंह, आयुष कुमार आदि उपस्थित थे।


महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करतीं अरुणा शंकर व अन्य।

अमलेश ठाकुर
संवाददाता
पांकी
मो. 7667862638

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शत्रुघ्न सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष
पांकी पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निशा कुमारी
वार्डेन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र पाण्डे
(राजेंद्र पांडे)
मुखिया तेतराई पंचायत सह मुखिया संघ अध्यक्ष पांकी पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम प्रसाद गुप्ता
मुखिया
पांकी पूर्वी पंचायत
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चिन्ता देवी
मुखिया
लोहरसी पंचायत
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रफीक अंसारी
मुखिया पति सह समाजसेवी
माडन पंचायत पांकी
पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बसारत अंसारी
मुखिया केलहवा
पंचायत पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यशवंत कुमार
समाजसेवी सह मुखिया पति
दूबू पंचायत पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सूरत उरांव
मुखिया पति सह पूर्व मुखिया रतनपुर पंचायत
पांकी पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश सिंह
मुखिया
नौडीहा पंचायत
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय चंद्रवंशी
जिला परिषद प्रत्याशी तरहसी पूर्वी सह भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हफीजुल अंसारी
बीस सूत्री उपाध्यक्ष पांकी सह मुखिया पति सकल्दीपा पंचायत
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार
मनरेगा बीपीओ प्रखंड कार्यालय
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शशिभूषण पासवान (गुड्डु)
हेल्थ केयर अस्पताल
थाना रोड पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिनोद यादव
राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया पति केकरगढ़ पंचायत
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रीना देवी
मुखिया
पति रिंकू सिंह पंचायत पगार
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुंवर सिंह
प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रखंड
पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
महेन्द्र प्रसाद
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पांकी, पलामू
मनप्रीत सिंह
प्रखंड लेखा प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तां हमारा
लालसुरज
भाजपा पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधानसभा सह अनुमंडल संघर्ष समिति संयोजक पांकी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देशभक्तों से ही देश की शान है
देशभक्तों से ही देश का मान है
हम उस देश के फूल हैं यारों
जिस देश का नाम हिंदुस्तान है
मुमताज अहमद खान
प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी सह पूर्व विधायक प्रत्यासी पांकी विधानसभा

## रेल मंत्री ने फिर निभाया अपना वादा झारसुगुड़ा डाकघर को नया रूप दिया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1882 में निर्मित एक ऐतिहासिक धरोहर, झारसुगुड़ा डाकघर के नवीनीकरण के अपने वादे को पूरा किया है। मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रतिबद्धता से एक ऐतिहासिक धरोहर की वास्तुशिल्प परंपरा का संरक्षण संभव हो सका।

## प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी नीलमणि सामल के निधन पर शोक व्यक्त किया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विशिष्ट स्वतंत्रता सेनानी एवं राज्य स्वतंत्रता सेनानी संगठन के अध्यक्ष नीलमणि सामल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कम उम्र में स्वाधीनता आंदोलन में शामिल हुए और जेल गये। उन्हें देश के कल्याण के लिए उनके बलिदान के लिए याद किया जायेगा। उनके निधन से हमने एक प्रमुख सेनानी खो दिया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नीलमणि सामल की अंतिम संस्कार पूरी राष्ट्रीय मर्यादा के साथ आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## एआइसीसी अध्यक्ष आज ओड़िशा दौरे पर

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एआइसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को ओड़िशा के एक दिवसीय दौरे पर हैं। वे 12 बजे भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह एक विशाल शोभयात्रा करेंगे और लोअर पीएमजी में आयोजित ओडिशा बचाओ रैली में शामिल होंगे। रैली में जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष समेत हजारों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। रैली के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करेंगे।

## फरवरी में ओड़िशा आयेंगे पीएम : मनमोहन सामल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी में एक बार फिर ओडिशा आ सकते हैं। प्रधानमंत्री 10 फरवरी को दोबारा ओडिशा का दौरा कर सकते हैं। यह जानकारी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने दी है। मोदी एक विशाल महिला रैली में शामिल होने के लिए भुवनेश्वर आयेंगे। देशभर में जहां दो बड़े महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उनमें से एक मध्य प्रदेश और दूसरा ओड़िशा में होगा। बीजेडी महिला वोट बैंक को तोड़ने के लिए ये बीजेपी की बड़ी रणनीति है। बीजेपी 10 फरवरी को भुवनेश्वर में बड़ी रैली का आयोजन कर रही है। सभा में प्रधानमंत्री महिलाओं को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी 3 फरवरी को ओडिशा का दौरा करेंगे। इस यात्रा के अवसर पर वह आइआइएम संवलपुर के स्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे।

# बाजीराव आइएएस अकादमी और फिजिक्स वाला के बीच टीएसजी गुरुकुल का एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** बाजीराव आईएएस अकादमी और फिजिक्स वाला नामक दो संस्थानों ने शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान टीएसजी गुरुकुल के साथ एमओयू किया है। सम्मेलन में बाजीराव आइएएस अकादमी के सीइओ शुभ्रांशु शेखर ओझा और फिजिक्स वाल के सेंटर प्रमुख-सुझा अहमद ने शामिल हुए। संस्थान की उपाध्यक्ष स्मृती सारिका ने कहा कि टीएसजी ने हमेशा पारंपरिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा को महत्व दिया है। टीएसजी की प्रिंसिपल रंजीता महापात्र ने कहा कि यह एमओयू शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लायेगा। टीएसजी गुरुकुल एक ऐसा स्कूल है, जो एलकेजी से +2, +3 तक के सभी बच्चों को अच्छे वातावरण और स्वस्थ वातावरण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करता है। यहां बच्चों को उचित शिक्षा देने के साथ-साथ उनके शारीरिक विकास के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है।

आइएएस और ओएएस के लिए शिक्षा प्रदान करने वाले अग्रणी राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थान और मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्रों को तैयारी कराने वाले देश के अग्रणी कोचिंग संस्थान टीएसजी टाइम्स स्कॉलर्स गुरुकुल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। सरकारी नियमों के अनुसार 16 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों को +2 और +3 की पढ़ाई के दौरान आईएएस, ओएएस और नेट जेईई प्रवेश परीक्षाओं के लिए सस्ती कीमत पर शिक्षा प्रदान की जायेगी। इससे टीएसजी गुरुकुल में पढ़ने वाले सभी छात्र एक साथ इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों का आसानी से सामना कर सकते हैं। इसके अलावा, 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से वंचित मेधावी छात्रों को गुरुकुल में मुफ्त आवास, भोजन और ट्यूशन सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह और भाजपा समर्थकों ने पीएम मन की बात का 109वां एपिसोड सुना




**धनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 109वां एपिसोड सुना गया। श्री सिंह ने कहा कि साल के 2024 में देश के प्रधानमंत्री के मन की बात पहला कार्यक्रम है, जो ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए पूरे देश में इसकी लाइव स्क्रीनिंग की गयी है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री सिंह को अपनी अपनी समस्या से अवगत कराया, जिस पर कई भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्या मौके पर निदान किया गया। इशके अलावा कइयों को समाधान का आश्वासन दिया गया। मौके पर लोकेश चौधरी, अमर कुमार, शिव शंकर सिंह, राम जी यादव, प्रमोद राय, पंकज सिंह, जितेंद्र कुमार श्याम सिंह समेत कई लोग शामिल थे।
































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**